## लाल आतंक
### नहीं, अब हराभरा छत्तीसगढ़




### दिग्गजों को लील गया नक्सलवाद



पं. विद्याचरण शुक्ल, नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार, वीके चौबे, योगेन्द्र शर्मा


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## डेडलाइन के साथ नक्सलवाद रह गया अब सिर्फ नाम का

# टूटा बारूदी तिलस्म, नक्सलवाद हुआ भस्म

*देश से नक्सलवाद तकरीबन खत्म हो गया। देश के साथ छत्तीसगढ़ के लिए नासूर बने माओवाद ने भी आखिरी सांस ले ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की डेडलाइन यानी 31 मार्च की रात तक आखिरी खेप की सरेंडर की खबरें भी आती रही। देखा जाए तो बस्तर, राजनांदगांव, गरियाबंद समेत सभी इलाकों से नक्सली सिमट गए। इक्का-दुक्का कहीं बच गए हो, उनका भी मुख्यधारा में आना तय है। चूंकि बड़े कैडर के नक्सली समर्पण कर चुके हैं या मारे गए हैं, इसलिए यहां माओवाद पूरी तरह नियंत्रित हो चुका है। अब बारी बस्तर की हरियाली लौटाने की है।*


हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि खास

बस्तर आईजीपी सुंदरराज पट्टलिंगम ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि आज बस्तर नक्सल-मुक्त स्थिति की वास्तविकता को महसूस कर रहा है। माओवादी उपस्थिति अब नगण्य स्तर तक सिमट चुकी है और उनकी संगठनात्मक तथा लड़ाकू क्षमता लगभग पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। पिछले वर्षों में सुरक्षा बलों की सतत कार्रवाई, बेहतर खुफिया समन्वय, विकास कार्यों के विस्तार तथा प्रभावी आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के कारण मिशन 2026 अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है और इसके सफल समापन के बाद विकास और विश्वास का मार्ग अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

आईजीपी बस्तर सुंदरराज पट्टलिंगम ने कहा कि अब प्राथमिकता अब तक हासिल उपलब्धियों को और सुदृढ़ करना है। पूर्व में प्रभावित क्षेत्रों तक शासन ▶▶| शेष पेज 5 पर

## हाथों से छूटे हथियार... दंतेवाड़ा में आखिरी खेप का भी सरेंडर



*दंतेवाड़ा। पुलिस लाइन कारली में दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी से जुड़े 5 माओवादी कैडरों की मुख्यधारा में आज वापसी हुई। जिनमें 4 महिला माओवादी शामिल रहे। 5 माओवादी कैडरों पर 9 लाख रुपए का इनाम घोषित है। पुनर्वास करने वाले माओवादी से प्राप्त सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों द्वारा कार्रवाई करते हुए इंसास, एसएलआर, बीजीएल सहित 40 घातक हथियारों की बरामदगी विभिन्न डम्पों से की गई। पुनर्वास से पुनर्जीवन की पहल से प्रभावित होकर दंतेवाड़ा जिले में वर्ष 2024 से आज तक 607 माओवादी कैडरों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर शांति पूर्ण जीवन के लिए अग्रसर हुए। जिले में संयुक्त नक्सल उन्मूलन अभियानों* ▶▶| शेष पेज 5 पर

### सात जिलों के ऐसे हालात

संभागीय मुख्यालय बस्तर जिले की बात करें तो वर्ष 2020 से 30 मार्च 2026 तक बीते सात वर्ष की बात करें तो पुलिस व नक्सलियों के बीच चार बार मुठभेड़ हुई, इन मुठभेड़ों में वर्ष 2021 में सुरक्षाबलों ने दो हार्डकोर नक्सली का मार गिराए थे। वहीं इन वर्षों में पांच सुरक्षाकर्मी शहीद हुए जबकि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों की संख्या 73 है। 24 नक्सलियों को गिरफ्तार भी किया गया।




*पहली बार... बस्तर के 1382 शहीदों के नाम, एक ही जगह- भीतर देखें*

### त्वरित टिप्पणी

## नक्सलवाद की राख में छिपे अश्वत्थामा से सतर्क रहने का वक्त



डॉ. हिमांशु द्विवेदी

*यह समय उल्लास का तो है लेकिन उत्सव का नहीं। यह समय उम्मीद बांधने का तो है, साथ ही आशंका का भी है। यह समय अपेक्षाओं का भी ही है लेकिन साथ ही साथ जिम्मेदारी का भी है। वह इसलिए क्योंकि भले ही पांडव अठारह दिन के भीषण संघर्ष के बाद महाभारत का युद्ध जीत गए लेकिन जीत के बाद निश्चिंतता की नींद ने उनके पक्ष के तमाम योद्धाओं को अश्वत्थामा के हाथों हमेशा के लिए सुला दिया था। वह तो द्वापर युग था तो एक ही अश्वत्थामा का अस्तित्व था। इस कलियुग काल में तो अब कौन अश्वत्थामा बन जाए, कहा नहीं जा सकता। महाभारत तो महज अठारह दिन का युद्ध था, नक्सलवाद के खिलाफ हमारे संघर्ष की अवधि तो छह दशक की है।*

*बीस हजार से अधिक निर्दोष नागरिकों और हजारों सुरक्षाकर्मियों को मौत के घाट उतार देने वाले सशस्त्र नक्सलवाद को लेकर मोदी सरकार में गृहमंत्री अमित शाह ने जब 24 अगस्त 2024 को छत्तीसगढ़ में दहाड़ते हुए कहा था कि देश से हम 31 मार्च 2026 को इसे खत्म कर देंगे तो लोग हैरत में पड़ गए थे। अमित शाह की राजनीतिक क्षमता और प्रशासनिक दक्षता के लोग कायल हैं लेकिन यह ऐलान तो बतौर ज्योतिषी महसूस हुआ था। वक्त गुजरने के साथ लेकिन समझ में आने* ▶▶| शेष पेज 5 पर

### नारायणपुर

#### नारायणपुर में सात साल में 106 नक्सली ढेर

नारायणपुर जिले में पुलिस व नक्सलियों के बीच 71 मुठभेड़ दर्ज की गई। सुरक्षाबलों ने इन मुठभेड़ों में 106 नक्सलियों को मार गिराया इनमें संगठन का महासचिव बसवराजू व चार सीसी मेंबर भी शामिल हैं। नक्सलियों से बहादुरी से मुकाबला करते हुए 31 सुरक्षाकर्मी इस दौरान शहीद हुए जबकि 360 नक्सलियों ने हथियार डालने में अपनी भलाई समझी और समर्पण कर दिया। इस दौरान 287 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। समर्पण व मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों से रिकार्ड 352 अत्याधुनिक हथियार जब्त किए गए।

### सुकमा

#### सुकमा जिले में सर्वाधिक 142 मुठभेड़

सुकमा जिले की बात करें तो पुलिस व नक्सलियों के बीच 142 बार मुठभेड़ हुई। इन मुठभेड़ों में 109 नक्सलियों को मार गिराया गया, जबकि शहीद



सुरक्षाकर्मियों की संख्या 38 है। सुकमा जिले में रिकार्ड 1511 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। 893 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। नक्सलियों से 261 हथियार भी बरामद किए गए। इस दौरान नक्सलियों ने पुलिस मुखबरी का आरोप लगाकर 60 निर्दोष ग्रामीणों की हत्या की थी।

### गरियाबंद

#### गरियाबंद में 20 वर्षों बाद लौटी शांति

**गरियाबंद।** गरियाबंद जिला नक्सलवाद से मुक्त है। पुलिस के अनुसार जिले में सक्रिय सभी नक्सली संगठन पूरी तरह समाप्त हो चुके हैं और शेष बचे माओवादी भी आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौट आए हैं। हालांकि, आधिकारिक रूप से नक्सल-मुक्त घोषित करने की प्रक्रिया लंबित है। गरियाबंद में वर्ष 2006 में माओवादियों की आमद के साथ ही नक्सली गतिविधियां शुरू हुई थीं। उदंती-सीतानदी, नगरी, एसडीके और सीनापाली जैसी पांच क्षेत्रीय समितियां यहां सक्रिय थीं। लंबे समय तक चली हिंसा में कई जवान शहीद हुए और बड़ी संख्या में माओवादी मारे गए। वर्ष 2025 में भालूडीगी मुठभेड़ के बाद नक्सली संगठनों का विघटन तेज हुआ। नवंबर 2025 में उदंती समिति के आत्मसमर्पण के बाद ▶▶| शेष पेज 5 पर

### कांकेर

#### कांकेर में बच गए सिर्फ 15 नक्सली



**कांकेर।** नक्सलवाद के खात्मे के लिए तय की गई डेडलाइन का समय 31 मार्च को रात 12 बजे खत्म हो जाएगा। परंतु जिले में सक्रिय 15 नक्सलियों ने न तो हथियार डाले और न ही फोर्स खोजकर खत्म कर पाई। रात 12 बजे तक सफलता पाने के लिए फोर्स लगातार प्रयासरत है। 1 अप्रैल को खुलासा हो जाएगा कि डेडलाइन में कांकेर जिला नक्सल मुक्त हुआ या नही। बीती रात को कंपनी नंबर 05 के ▶▶| शेष पेज 5 पर

### दंतेवाड़ा

#### दंतेवाड़ा जिले में सात वर्ष में 76 बार मुठभेड़

दंतेवाड़ा जिले की बात करें तो बीते सात वर्ष में पुलिस व नक्सलियों के बीच 76 मुठभेड़ हुई। इनमें सुरक्षाबलों ने 90 माओवादियों को मार गिराया जबकि शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों की संख्या 15 है। इस अवधि में रिकार्ड 1270 नक्सली समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हुए। गिरफ्तार किए गए नक्सलियों की संख्या 366 तथा बरामद हथियार की संख्या 136 है। आईईडी की बात करें तो दंतेवाड़ा जिले में 248 आईईडी जब्त किया जबकि नक्सलियों की ओर से प्लांट किए गए 33 आईईडी ब्लास्ट के मामले सामने आए। इन वर्षों में नक्सलियों ने पुलिस मुखबरी का आरोपी लगाकर 31 निर्दोष ग्रामीणों की हत्या की थी।

### बीजापुर

#### बीजापुर जिले में 218 मुठभेड़, 273 मारे गए

बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों व नक्सलियों के बीच 218 मुठभेड़ हुई, जिसमें सुरक्षाबलों ने 273 नक्सलियों को ढेर कर दिया। शहीद सुरक्षाकर्मियों की संख्या 73 है जबकि आत्मसमर्पण



कर मुख्यधारा में 1123 शामिल हुए। गिरफ्तार किए गए नक्सलियों की संख्या 1856 है। नक्सलियों से 363 हथियार बरामद किए गए। इन वर्षों में नक्सलियों ने 114 निर्दोष ग्रामीणों की हत्या की।





INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife — Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits#

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi-110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~As per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles until March 2025. World's no 1 disclaimer- World's largest Two-Wheeler manufacturer with the highest Two-wheeler unit sales by a single corporate entity globally, for the past 25 years. Data Source: Certificate from SIAM dated 9th January 2026.^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. #Limited period offer, T&C apply. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. *Ex-showroom price of Splendor+ drum brake non i3S variant applicable in Chhattisgarh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़ 8770383767, भनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, गिधौरी: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरुर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोड़ला: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़: श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, झगरंडी: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, सिमगा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, बरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंडरदेही: एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वर: अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, इरपानार- कांकेर: अंशू ऑटो, 9406054292, पखांजूर: रिशान सर्विसेज, 6267323235, मोहला मानपुर: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, कुदकुदुर: दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमा: आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 9406203600, मानपुर: दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, लाखोली: शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकी: अमर मोटर्स, 9827969901, सालेवाड़ा: साई मोटर्स, 9754329434, राजिम: राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, सारागांव: जी वी मोटर्स, 7566666243, सरसींवा: श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीजापुर: माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, चारामा: श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, गुढ़ियारी: श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, भखारा: प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983.

RS/Hero/03/26

# ऐसा हुआ नक्सलवाद पर प्रहार...


हरिभूमि
कांकेर में बचे केवल 24 नक्सली, चंदर और रूपी मोस्ट वांटेड, एसपी ने कहा- जल्द खत्म कर देंगे


हरिभूमि
सुकमा में उखड़ रहे पैर, डीवीसी राजे समेत 13 नक्सली बचे, फोर्स ने कहा- सरेंडर करो या मरो


माड़ में डीवीसीएम मल्लेश ओड़ी समेत 18 सक्रिय, समर्पण या मौत के बाद नारायणपुर हो जाएगा नक्सलमुक्त
दो साल में 99 मारे गए 315 ने हथियार डाला
नक्सल प्रभावित जिलों की कहानी 5
जल्द ही नारायणपुर जिला होगा नक्सलमुक्त
नक्सलवाद के खात्मे की डेडलाइन में 36 दिन शेष


दंतेवाड़ा में बचे सिर्फ 15 नक्सली सरेंडर नहीं करने पर मारे जाएंगे, ढूंढा जा रहा ठिकाना

राजेश दास ⏭ जगदलपुर

केन्द्र सरकार द्वारा जारी नक्सल प्रभावित जिलों की सूची में छग के छह जिले में दंतेवाड़ा भी शामिल है। दंतेवाड़ा में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ विशेष अभियान चला रखा है, यही वजह है कि बीते दो साल में 53 हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया गया। इन पर करोड़ों रुपए का ईनाम घोषित था। हालांकि इस वर्ष नक्सलियों के साथ कोई मुठभेड़ नहीं हुई है, लेकिन वर्ष 2024 और 25 की बात करें तो फोर्स को नक्सल उन्मूलन में कई बड़ी ⏭ शेष पेज 5 पर

नक्सल प्रभावित जिलों की कहानी 3

दो साल में चार शीर्ष नक्सलियों के साथ 53 ढेर

25 माह में 569 ने किया आत्मसमर्पण

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नक्सलवाद के खात्मे के एलान के बाद जिले में रिकार्ड 569 नक्सली समर्पण कर चुके हैं। वर्ष 2024 में 234, 20... 272 तथा वर्ष 2026 में अब तक 63 नक्सली समर्पण कर मुख्यधारा में ... चुके हैं। इन दो वर्षों में अलग अलग इलाकों से 92 नक्सलियों को गिर... किया जा चुका है। बरामद हथियारों की बात करें तो बीते ⏭ शेष पेज...

## बस्तर आईजी सुंदरराज ने कहा- हम नक्सलमुक्त के करीब

# अब कभी नहीं लौटेगा नक्सलवाद



नक्सलवाद के खात्मे में अहम भूमिका निभाने वाले बस्तर के आईजी सुंदरराज पी का 31 मार्च 2026 की नक्सलवाद खात्मे की डेडलाइन पर कहना है कि लक्ष्य लगभग प्राप्त कर लिया गया है और अब बस्तर नक्सलमुक्त कहलाने के बहुत करीब है। उनके अनुसार, बस्तर अब नक्सल-मुक्त माने जाने के बेहद करीब है और माओवादी आंदोलन के बड़े पैमाने पर पुनरुद्धार की संभावना अब अत्यंत दूर या दूर की कौड़ी लगती है।

उन्होंने कहा कि बस्तर में नक्सली कैडरों की संख्या में भारी कमी आई है। पूरे रेड कॉरिडोर में जहां पहले लगभग 6,000 सशस्त्र माओवादी थे, अब कुछ ही सक्रिय कैडर ही बचे रहने का अनुमान है। डेडलाइन से ठीक पहले, उन्होंने नक्सलियों को चेतावनी दी थी कि वे हिंसा का रास्ता छोड़ मुख्यधारा में शामिल हों, अन्यथा अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व लगभग समाप्त हो चुका है और बचे हुए लोगों के पास केवल आत्मसमर्पण का ही विकल्प है। आईजीपी ने जोर देकर कहा कि मिशन 2026 केवल सुरक्षा के बारे में नहीं है, बल्कि यह "शांति, विश्वास और विकास" के बारे में है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा कैंपों को अब स्कूलों और अस्पतालों में बदला जा रहा है और अंदरूनी इलाकों तक सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। पिछले दो सीजन के दौरान सुरक्षा बलों ने बस्तर क्षेत्र में 450 से अधिक नक्सलियों के शव बरामद किए हैं और कई बड़े कैडर मारे गए हैं। समन्वित रणनीति के चलते माओवाद को नेस्तनाबूत किया गया है। उन्होंने यहभी कहा कि डेडलाइन खत्म होने के बाद भी ऑपरेशन बंद नहीं होगा। अब फोकस सिर्फ एनकाउंटर नहीं, बल्कि सरेंडर, पुनर्वास और विकास पर रहेगा। बचे हुए नक्सलियों को फिर से सरेंडर का मौका दिया जाएगा। जो सरेंडर नहीं करेंगे, उनके खिलाफ ऑपरेशन जारी रहेगा। उन्होंने माना कि नक्सलवाद समाप्तप्राय है, लेकिन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। अब रणनीति "बुलेट के साथ-साथ विकास" की होगी। स्थानीय लोगों को जोड़कर नक्सल प्रभाव वाले इलाकों को स्थायी रूप से शांत करने पर जोर दिया जाएगा।

## पूर्व डीजी डीएम अवस्थी की डायरी से अनकहे पन्ने

### उस वक्त ऐसा लगा जैसे एक किलोमीटर का सफर सैकड़ों कोस का बन गया

# सड़क के दोनों तरफ मौत का सन्नाटा था...चारों तरफ खामोशी और वीरानी

आज जब मैं उस मंजर को याद कर रहा हूं, 10 साल पहले जनवरी 2016...

जब मुझे पदोन्नति देकर डीजी नक्सल आपरेशन बनाया गया था। क्या समय था वह... जब मैं पहली बार जगदलपुर-सुकमा पहुंचा था जनवरी 2016 में तो मैंने देखा कि सुरक्षा बलों की रणनीति सुरक्षात्मक ज्यादा थी। नक्सली बेहद आक्रामक थे और उनके मंसूबे खतरनाक। सुरक्षा बलों का मनोबल भी काफी कम था। राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों का परस्पर समन्वय भी काफी कमजोर था। एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण माहौल में सुरक्षा बलों को लीड करना जोखिम भरा परंतु रोमांचक भी था।

मुझे याद आ रहा है 11 मार्च 2017 की वह घटना जब भेजी कैंप से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर नक्सलियों ने सीआरपीएफ के 12 जवानों को मौत के घाट उतार दिया था। मुझे दूसरे दिन घटनास्थल जाना था। हम हेलीकॉप्टर से भेजी कैंप सुबह पहुंच गए। सीआरपीएफ का अतिरिक्त सुरक्षा बल मौजूद था और बहुत सारे अधिकारी भी। डीआईजी, सीआरपीएफ ने मुझसे कहा कि इस वक्त घटनास्थल पर जाना ठीक नहीं है क्योंकि नक्सलियों ने जरूर वहां पर एंबुश लगा रखा होगा क्योंकि उन्हें पता है कि आज अधिकारी वहां आएंगे और फिर एक बड़ा एंबुश लगाकर ज्यादा कैज्युल्टी कराएंगे।

### भेजी इलाका बेहद खतरनाक था

इंजरम से भेजी तक की 20 किमी की सड़क खूनी सड़क थी। इस सड़क ने सुरक्षा बलों को बहुत नुकसान पहंचाया था। नागा बटालियन के काफी सारे जवानों को भी उन्होंने शहीद कर दिया था। सीआरपीएफ और राज्य पुलिस का तो कहना ही क्या!

फिर मैंने सोचा कि जाना तो पड़ेगा ही। क्योंकि नेतृत्व का प्रश्न है। एक तरफ फोर्स के सामने प्रोटोकाल मना कर रहा था दूसरी ओर खतरा भी था और चुनौती भी। मैंने निर्णय किया कि मैं जाऊंगा। मेरे साथ जाने के लिए फोर्स में कोई तैयार नहीं था...मन से। फिर एक सीआरपीएफ का जवान सामने आया जो बिहार से थे, वह तैयार हुए और उनकी बाइक पर पीछे बैठकर मैं घटनास्थल रवाना हुआ। थोड़ी दूर जाने पर देखा कि कुछ लोगों को पीछे सुरक्षा के लिए आना था पर वो नहीं आ रहे थे। हम दोनों आपस में बात करते चले जा रहे थे। एक किमी का यह सफर सैकड़ों किमी का लग रहा था। नक्सलियों का खतरा, घात लगाकर हमला करने का खतरा और सड़क भी सुरक्षित नहीं। हम उस माहौल को भूलकर मंजिल की ओर बढ़ रह थे। उस वक्त मैंने महसूस किया कि सड़क के दोनों तरफ





मौत का सन्नाटा...खामोशी और वीरानी थी। जवान के साथ बाइक पर बैठकर एक किलोमीटर का सफर बेहद खतरनाक था। मैंने उस वक्त महसूस किया बस्तर की फिजा में नक्सलियों का कितना खौफ है।

खैर...

हम सकुशल पहुंच गये और थोड़ी देर बाद पीछे से जवान भी आ गये और सीआरपीएफ के अधिकारी भी। मौके पर आधा घंटा रुकने के बाद हम वापस भेजी कैंप पहुंच गए। सभी ने इस दुस्साहसपूर्ण कदम को पूरे मन से बधाई दी। ऐसी अनेक घटनायें हैं जिनमें हर पल मौत का खतरा था लेकिन ईश्वर की कृपा से सारे खतरों को पार करते हुए आखिर आज हम इस दिन आ गये हैं जब नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है।

भय और आतंक का वातावरण समाप्त हो रहा है और बस्तर में मांदर की थाप सुनाई दे रही है।

सभी शहीदों जिन्होंने इस लड़ाई को अंजाम दिया है उन्हें और उनके परिवारों को मेरा सादर नमन।



## एक चुनौती भरा सफर

मुझे 2013 से 2018 तक प्रदेश के गृहमंत्री के रूप में सेवा का अवसर मिला, तब हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती 'नक्सलवाद' थी। जब मैं गृहमंत्री बना उससे पहले झीरम जैसी दुखद घटना ने देश को झकझोंर दिया था। हम सब दुखी थे और आक्रोशित भी। उन दिनों बस्तर और सरगुजा के दुर्गम इलाकों में विकास कार्य करना किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं था। नक्सली निसंदेह हावी थे। लेकिन हमारी सरकार की इच्छाशक्ति दृढ़ थी। हम उन्हें पीछे धकेलने में कामयाब हुए। लोगों को यह विश्वास दिला सके कि हथियार से केवल विध्वंश होता है, सृजन के लिए मुख्यधारा में लौटना ही समझदारी है। लोगों ने हम पर भरोसा किया और नक्सलवाद कमजोर होने लगा।


रामसेवक पैकरा
पूर्व गृहमंत्री

# सरकार की साख और छत्तीसगढ़ की शांति का सवाल था...नक्सली हावी थे हम उन्हें बैकफुट पर लेकर आए

हमने सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल की संयुक्त टीमें बनाईं। मुझे गर्व है अपने उन जवानों पर, जिन्होंने घने जंगलों और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में लगातार सर्चिंग ऑपरेशन चलाए। हमने रणनीतिक रूप से संवेदनशील इलाकों में नए थाने, चौकियां और कैंप स्थापित किए। इसी का परिणाम रहा कि सरगुजा संभाग धीरे-धीरे पूरी तरह नक्सल मुक्त हो गया और बस्तर के सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर जैसे अंदरूनी इलाकों में नक्सलियों का घेरा सिमटता चला गया। इस संघर्ष की राह आसान नहीं थी। कई बड़ी घटनाएं हुईं। हम डटे रहे। मोर्चे पर जवानों का हौसला बढ़ाते रहे। मुठभेड़ों के दौरान हमने अपने कई जांबाज जवानों को खोया। उनके बलिदान की टीस आज भी मन में है, लेकिन उनकी शहादत ने हमारे सुरक्षा बलों के मनोबल को कभी टूटने नहीं दिया। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह जी के मार्गदर्शन ने हमें वह संबल दिया, जिसकी बदौलत हम नक्सलियों पर लगातार दबाव बनाए रखने में सफल रहे। डॉ. रमन सिंह जी के समय शुरू हुआ यह अभियान अब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में निर्णायक मोड़ पर है। आज बड़ी संख्या में नक्सली आत्मसमर्पण कर शासन की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। जो आदिवासी भाई-बहन भटक गए थे, वे अब राष्ट्र की मुख्यधारा में लौटकर छत्तीसगढ़ के विकास में हाथ बंटा रहे हैं।

हमारा मानना था कि भटके हुए युवाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए केवल बल काफी नहीं है। इसलिए हमने कौशल विकास की योजनाओं को प्राथमिकता दी। केंद्र सरकार से मिले विशेष बजट का



उपयोग हमने उन क्षेत्रों में किया जहाँ विकास की किरण नहीं पहुंची थी। आज सुखद अनुभव होता है यह देखकर कि बस्तर का युवा अब हाथों में हथियार नहीं, बल्कि हुनर और रोजगार के अवसर थामे हुए है। बस्तर, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, खनिज संपदा और समृद्ध संस्कृति के लिए जाना जाता है, अब डर के साये से बाहर आ रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे जवानों के बलिदान और सरकार की अटूट इच्छाशक्ति के कारण प्रदेश इस समस्या से पूरी तरह मुक्त होगा। अब बस्तर में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं हर घर तक पहुंचेंगी और छत्तीसगढ़ चहुंमुखी विकास के पथ पर बेफिक्र होकर आगे बढ़ेगा।



# तकनीक का प्रहार, सटीक वार जंगल में नक्सल संगठन तार-तार

ड्रोन सर्विलांस, सैटेलाइट इमेजरी, जीआईएस मैपिंग और रियल-टाइम इंटेलिजेंस के सहारे बस्तर के घने जंगलों में चलाए गए सटीक ऑपरेशन अब निर्णायक परिणाम दे रहे हैं। इसी हाईटेक रणनीति, मजबूत सुरक्षा तंत्र और जनसहयोग के दम पर मिशन 2026 के अंतिम 26 महीनों में नक्सलियों का 46 साल पुराना तिलिस्म टूट गया है और संगठन का ढांचा बिखरने की कगार पर पहुंच गया है।

राजेश दास ⏭ जगदलपुर

केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा तय 31 मार्च की डेडलाइन से पहले ही बस्तर में नक्सलवाद का असर लगभग खत्म होता नजर आ रहा है। पुलिस और सुरक्षा बलों की समन्वित कार्रवाई ने न केवल शीर्ष नेतृत्व को निशाने पर लिया, बल्कि निचले कैडर तक संगठन की पकड़ को कमजोर कर दिया। यही वजह है कि अब नक्सलियों के बीच आत्मसमर्पण की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है।

अबूझमाड़, नेशनल पार्क, दक्षिण, उत्तर और पूर्व बस्तर के दुर्गम इलाकों में सुरक्षा कैंपों के विस्तार और लगातार ऑपरेशन ने माओवादियों के पारंपरिक गढ़ को भी हिला दिया है। जनरल सेक्रेटरी बसवा राजू समेत कई वरिष्ठ कैडरों के मारे जाने और मिडिल व बेस कैडर के टूटने से संगठन भीतर से कमजोर हो गया है। मार्च 2026 की तय समयसीमा का मनोवैज्ञानिक दबाव भी कैडरों पर साफ दिख रहा है। स्थानीय स्तर पर जनसमर्थन में गिरावट, राजनीतिक गतिविधियों का कमजोर पड़ना और सरकार की पुनर्वास नीति के प्रभाव ने नक्सलियों का संगठन से मोहभंग तेज कर दिया है। अब बचे हुए गिने-चुने नक्सलियों के पास सीमित समय है, जिसमें उन्हें आत्मसमर्पण का विकल्प चुनना होगा।

## मिशन 2026 के 26 महीनों में टूटा 46 साल का तिलिस्म, 499 नक्सली ढेर, समर्पण की लहर तेज

### राहत की बात

- 2026 में अब तक एक भी जवान शहीद नहीं
- हथियार लूट की घटनाएं शून्य
- पहले हर साल 120-150 नागरिकों की मौत होती थी
- 2026 में अब तक केवल 2 मौतें
- यह संकेत है कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है और नक्सली प्रभाव तेजी से सिमट रहा है।
- नक्सलियों के संगठन से मोहभंग के 5 प्रमुख कारण



मिशन 2026 केवल सुरक्षा अभियान नहीं, बल्कि शांति, विश्वास और विकास की दिशा में एक व्यापक प्रयास है। बेहतर आसूचना और समन्वय से नक्सलियों की क्षमता और प्रभाव क्षेत्र में उल्लेखनीय कमी आई है। हमारा लक्ष्य शून्य हानि सुनिश्चित करना है।

सुंदरराज पट्टलिंगम, आईजी बस्तर

### 26 महीनों की तस्वीर

**मुठभेड़ों में मारे गए नक्सली**

| | |
|---|---|
| कुल: | 499 |
| 2024: | 217 |
| 2025: | 256 |
| 2026 (23 मार्च तक): | 26 |

**गिरफ्तार नक्सली:**

| | |
|---|---|
| 2024: | 929 |
| 2025: | 898 |
| 2026: | 94 |

**आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली:**

| | |
|---|---|
| 2024: | 792 |
| 2025: | 1573 |
| 2026: | 373 |

इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि नक्सली संगठन की सैन्य क्षमता और नेतृत्व संरचना को गंभीर आघात पहुंचा है और भीतर असंतोष बढ़ा है।

**हथियार और विस्फोटकों की बरामदगी बरामद हथियार:**


2024: 286
2025: 677
2026: 237

**बरामद आईईडी**

2024: 308
2025: 894
2026: 220

इससे नक्सलियों की हमलावर क्षमता लगातार कमजोर हुई है।

# केंद्र से नहीं मिली पूरी मदद, जनता के विश्वास, विकास और सुरक्षा के मूल मंत्र को लेकर आगे बढ़े


ताम्रध्वज साहू, पूर्व गृहमंत्री

कांग्रेस सरकार के समय नक्सलवाद से निपटने के लिए बस्तर में विकास, विश्वास और सुरक्षा के मूल मंत्र का लेकर आगे बढ़ा।वहां ग्रामीणों को जल, जंगल, जमीन का अधिकार दिलाने उन्हें वनाधिकार पट्टे दिए गए। लघु वनोपज समर्थन मूल्य में खरीदी कर ग्रामीणों को आर्थिक रूप सक्षम बनाने का प्रयास किया गया। वहां की बंद पड़ी स्कूलों को खोला गया।बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क, सुरक्षा कैंप बनाए गए।


सुरक्षा कैंप खुलने का ग्रामीणों में भय रहा कि पुलिस उन्हें पीटेगी, लेकिन सुरक्षा कैंप खुलने के बाद सुरक्षा बल के जवान ग्रामीणों को इलाज में मदद, खेलकूद कराते थे।बच्चों की पढ़ाई की बात करते थे। इससे ही कई जगहों पर नक्सल मुवमेंट में कमी देखने में आई। कांग्रेस सरकार के समय नक्सलियों की घर वापसी कार्यक्रम लोन वर्राटू चलाया गया। नक्सली मुवमेंट में शामिल कुछ नक्सली पकड़े गए, कुछ मारे गए उसका भी असर हुआ और नक्सल गतिविधियों को एक सीमित क्षेत्र में समेटने का कार्य किया गया।केंद्र सरकार से राज्य को पूरी मदद नहीं मिल पा रही थी। राज्य सरकार के द्वारा मांग करने पर जितना मिला उससे नक्सलियों को पीछे खदेड़ने का प्रयास किया गया। उस समय राज्य सरकार की विकास, विश्वास और सुरक्षा से जनता में भी विश्वास जागा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 31 मार्च को छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ अब नक्सलवाद जैसे गहरे नासूर से बाहर निकलकर विकास, विश्वास और सुशासन के नए युग की शुरुआत कर रहा है। श्री साय ने इस उपलब्धि का सीधा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मजबूत नेतृत्व, स्पष्ट रणनीति और अडिग इच्छाशक्ति को देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता उनके प्रति आभार व्यक्त करती है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के समन्वित प्रयासों ने नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक परिणाम दिए हैं और हमारे सुरक्षाबल के जवानों के अदम्य साहस से यह संभव हुआ है।

# डबल इंजन सरकार की ताकत से खत्म हुआ नक्सलवाद, छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस विषय पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान को लेकर भी तीखा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि उनका बयान न केवल तथ्यहीन है, बल्कि अपनी विफलताओं को छिपाने का एक प्रयास भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में नक्सल विरोधी अभियान में अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने की जो बात कही गई है, उसे झुठलाने की भूपेश बघेल जी की कोशिश दरअसल सच्चाई से मुंह मोड़ने जैसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भूपेश सरकार के समय न तो स्पष्ट रणनीति दिखी और न ही दृढ़ इच्छाशक्ति, जिसके कारण नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई कमजोर पड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब निर्णायक कार्रवाई हो रही है, तब पिछली विफलताओं पर पर्दा डालने के लिए ऐसे बयान दिए जा रहे हैं।



उन्होंने कहा कि दिसंबर 2023 में सरकार बदलते ही केंद्र और राज्य के बीच समन्वय स्थापित हुआ और अगले ही महीने गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ पहुंचे, जहां नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की गहन समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि उस समीक्षा में यह स्पष्ट हुआ कि देश में कुल नक्सलवाद का 75 प्रतिशत से अधिक प्रभाव छत्तीसगढ़ में ही था, जो पूर्ववर्ती सरकार की नीतिगत विफलता का प्रमाण है। यदि पूर्व सरकार ने अपने पांच साल के कार्यकाल में माओवाद के खिलाफ दृढ़ इच्छाशक्ति और सही नीयत से लड़ाई लड़ी होती, तो प्रदेश की स्थिति आज इतनी गंभीर नहीं होती। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य राज्यों में नक्सलवाद सीमित स्तर पर सिमट चुका था, लेकिन छत्तीसगढ़ में इसकी गंभीरता बनी रही, जो इस बात को दर्शाती है कि तत्कालीन सरकार ने केंद्र के साथ अपेक्षित सहयोग नहीं किया और नक्सलवाद के खिलाफ पूरी प्रतिबद्धता के साथ संघर्ष करने की इच्छाशक्ति का अभाव था। उन्होंने कहा कि आज जब भूपेश बघेल इस मुद्दे पर बयान दे रहे हैं, तो वे सरासर झूठ बोल रहे हैं और प्रदेश की जनता सच्चाई को भली-भांति जानती है।





## सटीक रणनीति का परिणाम

मुख्यमंत्री साय ने इस बड़ी उपलब्धि का सीधा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मजबूत नेतृत्व, स्पष्ट रणनीति और अडिग इच्छाशक्ति को दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता उनके प्रति आभार व्यक्त करती है और डबल इंजन सरकार के समन्वित प्रयासों से नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक परिणाम मिले हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त करने का स्पष्ट लक्ष्य तय किया था और आज यह लक्ष्य जमीनी हकीकत में बदलता दिख रहा है।

## नक्सलवाद पर राहुल की भूमिका संदिग्ध

श्री साय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि नक्सलवाद जैसे गंभीर राष्ट्रीय मुद्दे पर उनका रुख न केवल भ्रम पैदा करने वाला है, बल्कि उनकी मंशा पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। तथाकथित 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जिन घटनाओं में नक्सल विचारधारा समर्थक तत्वों के साथ मंच साझा करने और संवाद की स्थिति बनी, उसने पूरे देश को सोचने पर मजबूर किया है कि आखिर यह किस तरह की राजनीति है। हिडमा जैसे खूंखार नक्सली के मारे जाने के बाद "घर-घर में हिडमा पैदा होंगे" जैसे नारे लगना आपत्तिजनक है।







## मुख्यधारा में लौटे पूर्व नक्सलियों ने हरिभूमि को सुनाई अपनी दास्तां

# जंगल में खौफ के साये में थी जिंदगी बाहर निकले तो सुकून की बयार

महेन्द्र विश्वकर्मा ⏭ जगदलपुर

खास खबर

सरेंडर करने वाले पूर्व नक्सलियों का कहना है कि मुख्यधारा में लौटकर अपने परिवार और बच्चों के साथ शांति से रहना चाहते हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों विशेषकर बस्तर संभाग में हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों का जीवन अब बदल रहा है। नक्सली विचारधारा से जुड़े रहकर रसद राशन, हथियार और अन्य सामग्री पहुंचाने वाले लॉजिस्टिक्स सपोर्ट सरेंडर के बाद अब वेल्डिंग और अन्य तकनीकी कार्य सीखकर नया जीवन शुरू करने का सपना देख रहे हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए शासन-प्रशासन पुनर्वास केंद्रों में कौशल विकास कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। इन केंद्रों में वेल्डिंग, कारपेंट्री, बिजली के काम और अन्य तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

बस्तर संभाग में 1607 आत्मसमर्पित नक्सली प्रशिक्षण ले रहे हैं, जिसमें महिला, पुरूष शामिल हैं। इसमें से बीजापुर जिले में 619, सुकमा जिले में 288, दंतेवाड़ा जिले में 257, नारायणपुर जिले में 239, बस्तर जिले में 14, कांकेर जिले में 142 एवं कोंडागांव जिले में 48 आत्मसमर्पित नक्सली रोजगार के लिए कौशल प्रशिक्षण ले रहे हैं। बस्तर जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज में प्रशिक्षण ले रहे आत्मसमर्पित सुदामा, बंडू, सुरेश आदि ने बताया कि बीजापुर जिले के लगभग 12 गांव के 28 नक्सलियों को राशन आदि सामान पहुंचाने का काम कर रहे थे। सभी 28 युवकों जनवरी में बीजापुर में सरेंडर किया है। सभी लोग वेल्डर का कार्य सीख रहे हैं। उन्होंने बताया कि जंगल में भटकते जीवन कट रहा था, कब जान चली जाएगी इसका खौफ बना रहता था। साथ ही न खाने का ठिकाना और न रहने का। इस तरह मजबूरी में जीवन जी रहे थे। लेकिन अब सरेंडर के बाद सरकार शांतिपूर्ण जीवन जीने का अवसर दे रही है इससे खुशहाली आई है।

### बस्तर संभाग में 1607 आत्मसमर्पित नक्सली ले रहे प्रशिक्षण, बदल रहा जीवन

- मुख्यधारा में लौटकर अपने परिवार और बच्चों के साथ शांति से रहना चाहते हैं
- तकनीकी गुर सीखकर नया जीवन शुरू कर रहे
- कौशल विकास कार्यशाला से सरेंडर नक्सली हुनरमंद बनने की राह में



#### सरकार ने दी एक नई पहचान

सुदामा पंडरा ने बताया कि आत्मसमर्पण के बाद जिंदगी में बड़ा बदलाव आया है। अब परिवार और भविष्य के सपने साफ दिखाई दे रहे हैं। माओवादी संगठन का दबाव से निजी जिंदगी पूरी तरह से खत्म थी, न घर का सपना, न परिवार की चाहत, सिर्फ नक्सली विचारधारा को आगे बढ़ाना ही मकसद था। वर्तमान में सरकार की पुनर्वास नीति और समाज की स्वीकार्यता ने नक्सलियों को एक नई पहचान दी है।

#### यह जिंदगी अच्छी है

आत्मसमर्पित बंडू गोटा ने बताया कि इस जिंदगी और उस जिंदगी में बहुत फर्क है। अब हम अपने परिवार और रिश्तेदारों से मिल सकते हैं। कहीं आ-जा सकते हैं, लेकिन वहां ऐसा नहीं था, वहां बहुत बंदिशें थीं। अब हम बहुत खुश हैं, हम बहुत खुश है, यह जिंदगी अच्छी है।

#### आत्मसमर्पितों को दे रहे प्रशिक्षण

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि रेंज के 1607 आत्मसमर्पितों विभिन्न जिलों में कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे लोग रोजगार कर सकें, अपने परिवार और बच्चों के साथ शांति से रह सकें। इसलिए आत्मसमर्पितों को जेसीबी चलाना, ट्रैक्टर ऑपरेटर कोर्स, इलेक्ट्रीशियन, हॉटल मेनेजमेंट, माली, कारपेंटर आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# दो बरस में 2700 नक्सलियों ने छोड़ी हिंसा, 552 को रोजगार 6 को मिली सरकारी नौकरी

- सरकार की पुनर्वास नीति की भी रही नक्सलवाद खत्म करने में अहम भूमिका



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नक्सलवाद खत्म करने में प्रदेश सरकार की पुनर्वास नीति की भी अहम भूमिका रही। आंकड़े इस बात के गवाह हैं। दरअसल, प्रदेश में पिछले दो साल में 2700 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें से 552 आत्मसमर्पित नक्सलियों को नौकरी और अन्य रोजगार मुहैया कराया गया है, इनमें से 6 को सरकारी नौकरी दी गई। बस्तर क्षेत्र में नक्सलियों के पुनर्वास के लिए राज्य सरकार ने आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास नीति के तहत सहायता दी। उन्हें राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास कर रही है।

नक्सलवाद को खत्म करने की डेडलाइन खत्म हो गई है। अब भी सक्रिय नक्सली कमांडरों से समर्पण का इंतजार किया जा रहा है। सरकार ने 31 मार्च तक नक्सलियों के खात्मे का ऐलान किया था। एक दिन बाकी रह गया है। ज्यादातर जिलों में नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। कुछ अब भी बाकी हैं। बताया गया कि प्रदेश में पिछले दो सालों में कुल 2697 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित नक्सलियों को सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस लाइन, अस्थायी सुरक्षा कैम्प, और जिला पुनर्वास केंद्रों में सुरक्षित रूप से रहने की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पीड़ित राहत पुनर्वास नीति 2025 के तहत सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए नौकरी रोजगार का प्रावधान किया गया है।

## ये लाभ दिए जा रहे

आत्मसमर्पित नक्सलियों को राज्य सरकार जिन योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है, उनमें ऋण, स्वयं और बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था, महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं का लाभ, अविवाहित होने की स्थिति में 1 लाख रुपये तक की अनुदान राशि देने का प्रावधान है। साथ ही निः शुल्क विद्युत कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ, भूखण्ड, कृषि जमीन क्रय करने के लिए स्टाम्प ड्यूटी, पंजीयन शुल्क में छूट आदि सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

## 2 हजार किए गए गिरफ्तार

वर्ष 2024 में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नक्सलियों के खात्मे के ऐलान के बाद सुरक्षा बलों ने मोर्चा संभाला। इस दौरान छत्तीसगढ़ में समय समय पर थोक में नक्सलियों ने समर्पण किया। साथ ही, 2000 नक्सलियों को सुरक्षा बलों के माध्यम से गिरफ्तार भी किया गया। 500 नक्सलियों को मारा गया। जो नक्सली मुख्य धारा में वापस लौटे हैं, उन्हें राज्य सरकार पुनर्वास नीति के तहत सुरक्षा और अन्य उपायों को पूरा करने में लगी है।

# आखिरी दिन 25 का सरेंडर सात किलो सोना और दो करोड़ से ज्यादा रकम मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

''पूना मारगेम - पुनर्वास से पुनर्जीवन'' पहल के अंतर्गत मंगलवार को आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डी के ए स जे ड सी दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी, से जुड़े 25 माओवादी कैडरों ने हिंसा का मार्ग त्यागकर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया। यह कार्यक्रम समाज के वरिष्ठजनों आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों के परिवारजनों पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी., उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ ऑप्स सेक्टर बीएस नेगी, पुलिस अधीक्षक, डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव , पुलिस-केंद्रीय सुरक्षाबलों तथा प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। पुनर्वास करने वाले कैडरों में माओवादी संगठन के विभिन्न स्तरों के पदाधिकारी शामिल रहे। इनमें डिवीजनल कमेटी सदस्य बटालियन/कंपनी सदस्य- 7, पीपीसीएम- 4, एसीएम-6 एवं 5 पार्टी सदस्य शामिल हैं । इन सभी पर 1.47 करोड़ रुपये की ईनाम घोषित है, जो इस सामूहिक आत्मसमर्पण को नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास की एक अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि बनाती है। बताया गया कि इनके पास से 14.06 करोड़ की बरामदगी हुई है जिसमें 2.90 करोड़ नगद एवं 11.16 करोड मूल्य का 7.20 किग्रा सोना मिला है। साथ ही 93 घातक हथियार भी बरामद किए गए। आत्मसमर्पण की इस प्रक्रिया में डीआरजी, जिला बल, छसबल, एसटीएफ कोबरा, केरिपु बलों का विशेष योगदान रहा है । इन सभी बलों ने लगातार क्षेत्र में अपनी सक्रियता, विश्वास निर्माण और संवेदनशील व्यवहार से माओवादियों को मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित किया है।

**93 घातक हथियार हुए बरामद**

## इतना था इनाम

प्लाटून कमांडर मंगल कोरसा ऊर्फ मोटू 42 वर्ष निवासी मुनगा थाना गंगालूर पर 8 लाख का इनाम था। प्लाटून कमांडर आकाश उर्फ फागु उईका उम्र 38 वर्ष निवासी कमकानार तेलगापारा थाना गंगालूर पर 8 लाख का इनाम था। शंकर मुचाकी उम्र 33 वर्ष निवासी गोरना पुजारीपारा पर 8 लाख का इनाम बताया गया है। पाले कुरसम निवासी मनकेली भी मुख्यधारा में लौटा।

## विपक्ष ने सरकार पर उठाए सवाल

# भूपेश बोले- शाह से बहस के लिए तैयार



**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कथन अनुसार छत्तीसगढ़ में 31 मार्च को नक्सलवाद का आखिरी दिन है। कल लोकसभा में उन्होने झूठ बोला कि कांग्रेस की सरकार ने मदद नहीं की। मैं चुनौती देता हूं कि अमित शाह को जिस मंच में जिस जगह में स्थान और समय तय कर लें मैं बहस के लिये तैयार हूं। उन्हें प्रदेश और देश को गुमराह नहीं करना चाहिये। वह झूठ पे झूठ बोलते जा रहे हैं। नक्सलवाद के मामले में कांग्रेस का स्टैण्ड बहुत स्पष्ट रहा है और हमारी सरकार ने कांग्रेस की नीति के अनुरूप काम किया है। राजनैतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से हमने वहां के आदिवासियों को सम्पन्न बनाया। वनाधिकार पट्टे दिये, स्कूल खोले, उनके इलाज की व्यवस्था की जबकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इससे वंचित रखा था।

## नक्सल मुक्त गांवों को कब देंगे 1 करोड़

श्री बघेल ने कहा, मैं अमित शाह से पूछना चाहता हूं कि शाह ने घोषणा की थी कि जिस गांव में नक्सलवाद मुक्त होगा, उस गांव में हम 1 करोड़ रुपए देंगे। अब नक्सलवाद 31 मार्च को समाप्त हो गया। अमित शाह बताएं बस्तर के प्रत्येक गांव में 1 करोड़ रुपए कब देंगे? शाह लगातार झूठ बोल रहे हैं और बस्तर में जो हमारे डीआरजी के जवान शहीद हुये जो छत्तीसगढ़ के सरकार ने नियुक्त किया था और उन्हीं की बदौलत, ताकतवर और उन्हीं के शहादत से ही नक्सलवाद आखिरी सांसें ले रहा है। शाह उनके बलिदान को नकार रहे। अमित शाह 5 साल से जो हमारे जो जवान शहीद हुये, उनका वो अपमान कर रहे हैं और झूठ पे झूठ बोले जा रहे हैं।

# डॉ. महंत ने कहा- भय खत्म तो सुरक्षा क्यों



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सरकार के नक्सलवाद समाप्ति के दावों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी खुद चाहती है कि प्रदेश से यह अभिशाप खत्म हो, क्योंकि नक्सलवाद के कारण कांग्रेस ने अपने शीर्ष नेतृत्व की पूरी एक पीढ़ी खोई है। उन्होंने सरकार से पूछा कि अगर सरकार के अनुसार नक्सलवाद वास्तव में समाप्त हो गया है, तो क्या वह निम्नलिखित कदम उठाने को तैयार है।

**सुरक्षा की समीक्षा :** क्या बस्तर के संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा हटाई जाएगी?

**वीआईपी सुरक्षा :** यदि भय खत्म हो गया है, तो डॉ. रमन सिंह जैसे नेताओं को दी जा रही भारी-भरकम जेड प्लस सुरक्षा का क्या औचित्य है?

**लैंड माइंस का खतरा:** बस्तर के अंदरूनी इलाकों में आज भी जो सैकड़ों लैंडमाइंस सक्रिय हैं, उनसे आम जनता और जवानों को सुरक्षा की गारंटी कौन देगा?

**सड़क मार्ग का उपयोग :** क्या अब सत्ता में बैठे बड़े नेता और देश के गृहमंत्री बस्तर के दौरों के लिए हेलीकॉप्टर के बजाय सड़क मार्ग का उपयोग करेंगे?

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत का मानना है कि हवाई दावों से बस्तर की जनता को गुमराह नहीं किया जा सकता। जब तक जमीन पर स्थिति नहीं बदलती, तब तक ये सवाल खड़े रहेंगे।

# गृहमंत्री बोले- हथियारबंद नक्सली कैडर खत्म मुख्य चुनौती आदिवासी संस्कृति के संरक्षण की

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राज्य में हथियारबंद नक्सली कैडर पूरी तरह से समाप्त हो गया है, अब मुख्य चुनौती पर्यावरण तथा आदिवासी संस्कृति के संरक्षण तथा बस्तर के विकास है। दो वर्ष पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए स्पष्ट समयसीमा तय करना, तकनीक आधारित खुफिया तंत्र और सुरक्षा बलों द्वारा सटीक अभियान ने इस दिशा में अहम भूमिका निभाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा ने मंगलवार को प्रेस क्लब के हमर पहुना कार्यक्रम के पहले पहुना के रूप में नक्सलवाद पर विजय कार्यक्रम में ये बातें कही। उन्होंने कहा, 5 दशक से नक्सलवाद की समस्या को 2 साल में समाप्त करने के संकल्प के लिए बहुत साहस और सामर्थ्य का विषय है।

श्री शर्मा ने इसे पिछले दो सालों की सबसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व को इसका श्रेय दिया है। उन्होंने कहा कि इनके प्रयासों के संविधान का शासन बस्तर और राज्य के हर कोने तक पहुंचा है।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए उप मुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा नक्सल विरोधी अभियान इतने सटीक थे कि सुरक्षा कर्मियों को खरोंच तक नहीं आई, जबकि कई नक्सली मारे गए। पिछले दो साल में हमारी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि नक्सलवाद पर नियंत्रण पाना रही है। उन्होंने कहा यह सच है कि हथियार बंद नक्सलवाद से मुक्ति का जो विषय था, वह अब पूरा हो चुका है। आज जब हम बात कर रहे हैं, तो मेरा ये मानना है कि जो 15 से 20 नक्सली शेष हैं वे भी पुनर्वास की प्रक्रिया में हैं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह सच है कि पूरा कैडर खत्म हो चुका है, लेकिन लोगों को इसे पूरी तरह स्वीकार करने में समय लगेगा। एहतियाती इंतजाम जारी रहेंगे।



- नक्सलवाद को खत्म करने तकनीक आधारित खुफिया तंत्र और सुरक्षा बलों का सटीक अभियान काम आया

## सुरक्षा शिविर थाने-स्कूल अस्पताल बनेंगे

मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि अंदरूनी इलाकों में मौजूद करीब 400 सुरक्षा शिविरों को धीरे-धीरे पुलिस थानों, स्कूलों, अस्पतालों या पंचायत भवनों जैसे आधारभूत ढांचों में बदला जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि बस्तर को बदलने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी है, वहां के युवाओं में अपार प्रतिभा है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के राजनीति में आने के सवाल पर उन्होंने कहा कि संविधान सभी नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने की स्वतंत्रता देता है, बशर्ते वे हिंसा का रास्ता छोड़ दें। पत्रकारों के इस सवाल पर आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों के खिलाफ मामले वापस लिए जाएंगे? जवाब में उन्होंने कहा, यह एक राष्ट्रीय स्तर का नीतिगत निर्णय है। हमें इन सभी पहलुओं पर विचार करना होगा, क्योंकि उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया है। कोई भी निर्णय राष्ट्रीय स्तर पर ही लिया जाना चाहिए।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी













# झीरम के शहीदों ने झेली थी गोलियां छलनी हो चुकी गाड़ियां दे रहीं गवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*दशकों तक नक्सलवाद के जाल में उलझे रहे बस्तर में देश-प्रदेश के कई सपूतों ने शहादत दी है। यहां कई ऐसे हमले हुए हैं, जिन्होंने देश में गम और गुस्से की लहर के साथ सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए थे। ऐसा ही एक हमला झीरम का था। साल 2013 में झीरम में हुए भीषण हमले में कांग्रेस के कई बड़े नेता शहीद हो गए थे। इनमें तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंद कुमार पटेल, उनके बेटे दिनेश पटेल और वरिष्ठ नेता विद्या चरण शुक्ला समेत कई राष्ट्रीय स्तर के चेहरे शामिल थे। हमले के वक्त एक ही वाहन इनोवा में नंद कुमार पटेल, दिनेश पटेल और लखमा सवार थे। गाड़ी का नंबर CG04 KA 0005 था। यह गाड़ी आज भी भीषण हमले की याद दिला रही है। रायपुर स्थित राजीव भवन में वही इनोवा गाड़ी एक निशानी के रूप में रखी गई है। गाड़ी पर आज भी हमले के निशान देखे जा सकते हैं जो उस खौफनाक मंजर की गवाही देते हैं....ये सिर्फ एक गाड़ी नहीं बल्कि नक्सल हिंसा की वो दर्दनाक कहानी है, जिसे छत्तीसगढ़ कभी भूल नहीं सकता।*

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भड़के, परेशान देशों को दिए 2 ऑप्शन

# अमेरिका अब किसी देश की मदद नहीं करेगा हिम्मत दिखाओ और होर्मुज जाकर तेल ले लो

*ईरान जंग की वजह से दुनियाभर में तेल संकट खड़ा हो गया है। ईरान ने होर्मुज को ब्लॉक करके रखा है। इससे तेल टैंकरों और जहाजों की आवाजाही बाधित हुई है। इससे तेल की कीमतें बढ़ी हैं। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ऐसे देश जिन्हें स्टेट ऑफ होर्मुज से जेट फ्यूल नहीं मिल रहा जैसे ब्रिटेन, जिसने ईरान के खिलाफ कार्रवाई में शामिल होने से इनकार कर दिया। मेरे पास आपके लिए सुझाव हैं। पहला- अमेरिका से तेल खरीदें। हमारे पास बहुत तेल है। दूसरा- हिम्मत दिखाकर होर्मुज जाओ और तेल लाकर दिखाओ।*

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अन्य देशों से कहा कि आपको सीखना होगा कि खुद से कैसे लड़ा जाए। अमेरिका हमेशा आपकी मदद के लिए नहीं होगा, जैसे आप हमारे लिए नहीं होते। ईरान को कमजोर कर दिया गया है। मुश्किल काम हो गया है। अब जाकर तेल ले लो। अपने बयान में उन्होंने यह भी कहा कि ईरान काफी हद तक कमजोर हो चुका है और सबसे मुश्किल काम पहले ही पूरा हो गया है। अब बाकी देश खुद जाकर अपना तेल ले सकते हैं। आपको बता दें, इससे पहले ट्रंप ने ईरान को चेताते हुए कहा था कि वह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को दोबारा खोले. अगर ऐसा नहीं हुआ तो इसका बड़ा खामियाजा ईरान को भुगतना पड़ ▶▶| शेष पेज 5 पर

### खास बातें

- होर्मुज के बगैर भी युद्ध समाप्ति की जताई ट्रंप ने इच्छा
- मिडिल ईस्ट जंग से दुनियाभर में खड़ा हो गया है तेल संकट



### मिडिल ईस्ट जंग के बीच ट्रंप का यू-टर्न

मिडिल ईस्ट जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने नई रणनीति बनाई है। ट्ररंप ने अपने सहयोगियों से कहा है कि वे ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने को तैयार हैं – भले ही स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद ही रहे। वाल स्ट्रीट जर्नल के मुताबिक होर्मुज स्ट्रेट को जबरन खोलना लंबा और जोखिम भरा अभियान होगा, ट्रंप ▶▶| शेष पेज 5 पर

### यूएस-इजरायली जहाजों की एंट्री बैन

### इधर, होर्मुज पर ईरान का सख्त पहरा! विदेशी जहाजों से वसूलेगा टोल टैक्स

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के बीच दुनिया के अहम तेल मार्ग होर्मुज स्ट्रेट पर दबदबा मजबूत करने के लिए ईरान ने एक बड़ा फैसला किया है। ईरान की संसदीय सुरक्षा समिति के नए 'मैनेजमेंट प्लान' के तहत न केवल इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों से 'टोल टैक्स' वसूला जाएगा, बल्कि अमेरिका और इजरायल के जहाजों की एंट्री पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' की रिपोर्ट के मुताबिक, इस योजना में होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले हर जहाज से टैक्स वसूला जाएगा। इसके साथ ही अमेरिकी और इजरायली जहाजों के यहां से गुजरने पर रोक का प्रावधान है। अमेरिकी और इजरायली जहाजों के अलावा उन सभी देशों के जहाजों पर भी बैन लगाया जाएगा, जिन्होंने ईरान के खिलाफ एकतरफा बैन लगाने का समर्थन किया था। ▶▶| शेष पेज 5 पर

### ट्रंप को बड़ा झटका

### इटली ने भी नहीं उतरने दिया युद्धक विमान

ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति यूरोपीय देशों और अपने मित्र देशों से मदद के लिए छटपटा रहे हैं लेकिन एक-एक कर बारी-बारी से सभी देश ट्रंप को झटका दे रहे हैं। एक दिन पहले ही स्पेन ने ईरान युद्ध में शामिल अमेरिकी लड़ाकू विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था।



अब इटली ने भी अमेरिका को करारा झटका दिया है। इटली ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अमेरिका को अपने सैन्य अड्डे के इस्तेमाल की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। यह फैसला ऐसे समय आया है जब पश्चिम एशिया में युद्ध को लेकर वैश्विक तनाव बढ़ा हुआ है। इस मामले से जुड़े एक सूत्र ने मंगलवार को एक अखबार की रिपोर्ट की पुष्टि करते हुए बताया कि इटली ने अमेरिकी सैन्य विमानों को मध्य-पूर्व जाने से पहले सिसिली के सिगोनेला एयर बेस पर उतरने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है।

# अब बीयर की हर बोतल दस रुपए महंगी, प्रीमियम शराब के कुछ ब्रांड की कीमत बढ़ी, हल्के वाले यथावत

### अंग्रेजी शराब के लिए नए रेट ऑफर का अनुमोदन

सरकार ने आबकारी से जुटाए 10 हजार 700 करोड़ रुपए




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पीने-पिलाने के शौकीनों के लिए यह खबर काम की है, लेकिन पीने की बात करें, तो अब बीयर के शौकीनों को हर बोतल पर करीब 10 रुपए ज्यादा देने होंगे। इसी तरह प्रीमियम शराब के कुछ ब्रांड भी पिछले साल के मुकाबले महंगे हुए हैं, लेकिन सामान्य या सस्ते स्तर की शराब के रेट यथावत हैं। राज्य में आबकारी विभाग ने पिछले वित्तीय वर्ष में 10 हजार 7 सौ करोड़ का राजस्व हासिल किया है, लेकिन इससे जुड़ी एक और खबर ये भी है छत्तीसगढ़ में शराब और बीयर की खपत करीब 25 प्रतिशत बढ़ी है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए छत्तीसगढ़ राज्य में विदेशी मदिरा की आपूर्ति के लिए विदेशी मदिरा के विनिर्माता या प्रदायकर्ता इकाइयों द्वारा रेट ऑफर में प्रस्तुत किये गये (लैंडिंग प्राईस) एवं सीएसबीसीएल क्रय दर का प्रशासकीय अनुमोदन किया गया है। इससे पहले ▶▶| शेष पेज 5 पर

### बीयर पीना होगा मंहगा

आबकारी विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों ने हरिभूमि के बताया कि राज्य में 1 अप्रैल से बिकने वाली बीयर की हर बोतल पर 10 रुपए अधिक देने होंगे। बीयर के शौकीनों के लिए 30-40 ब्रांड उपलब्ध हैं। इसके साथ ही प्रीमियम क्वालिटी की शराब के कुछ ब्रांड भी महंगे होंगे। बताया गया है कि जिन ब्रांड के रेट बढ़े हैं वह इस तरह है कि जो ब्रांड पहले साढ़े तीन हजार में बिकते थे, अब वहीं करीब पांच हजार या उसके आसपास हो सकते हैं। इसके साथ ही ये भी बताया गया है कि कुछ प्रीमियम ब्रांड के रेट कम हुए हैं। साथ ही सामान्य स्तर के शराब जो चलन में ज्यादा है उनके रेट में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### ऑल इंडिया ब्रांड में आंशिक वृद्धि, 314 ब्रांड में रेट वही

आबकारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि भारत स्तर पर बिकने वाले ऑल इंडिया ब्रांड में आंशिक वृद्धि हुई है। जबकि 314 ब्रांड में रेट यथावत है। 83 अन्य ब्रांड में रेट कम हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि रेट ऑफर में चार कंपनियों को लंबित रखा गया है। उनसे मोलभाव के बाद उनके रेट सामने आएंगे। तीन लेबल को निरस्त किया गया है। मोटे तौर पर कहा जा सकता है कि कुछ चुनिंदा ब्रांड में आंशिक वृद्धि हुई है। कुछ में कमी के साथ ही रेट लगभग यथावत हैं।

### आबकारी से सरकार को मिले 10 हजार 7 सौ करोड़

राज्य सरकार को आबकारी से वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10 हजार 700 करोड़ रुपयों का राजस्व मिला है। हालांकि राज्य सरकार ने इस वर्ष के लिए 12 हजार 500 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा था। लेकिन यह लक्ष्य पूरा नहीं हो सका है। लेकिन इसके विपरीत एक और तथ्य अहम है। वह ये कि राज्य में शराब और बीयर की खपत पिछले साल के मुकाबले 25 प्रतिशत अधिक बढ़ी है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ट्रंप के नाम पर होगा फ्लोरिडा एयरपोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा में पाम बीच इंटरनेशनल एयरपोर्ट



का नाम बदलकर राष्ट्रपति ट्रम्प के नाम पर रखने का फैसला लिया गया है। गवर्नर रॉन डेसैंटिस ने सोमवार को बिल साइन किया। मंजूरी मिलने पर यह बदलाव 1 जुलाई से लागू हो सकता है। फ्लोरिडा सरकार के फैसले के बाद अब इस नाम को लागू करने के लिए फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन को औपचारिक प्रस्ताव भेजा जाएगा।

### हनी सिंह के मुंबई कॉन्सर्ट के आयोजकों पर एफआईआर

**मुंबई।** मुंबई, महाराष्ट्र के एमएमआरडीए ग्राउंड में हुए रैपर



यो यो हनी सिंह के 'माय स्टोरी – इंडिया चैप्टर' कॉन्सर्ट के आयोजकों पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने पुलिस की मनाही के बावजूद एयरपोर्ट जोन के पास खतरनाक लेजर लाइट्स का इस्तेमाल किया। यह कॉन्सर्ट 28 मार्च 2026 को आयोजित किया गया था, जिसमें सुरक्षा नियमों के उल्लंघन की बात सामने आई है।

### बेंगलुरु में दर्दनाक हादसा इंजीनियर कपल ने दी जान

# पति की लाश देखकर 17वीं मंजिल से कूद गई इंजीनियर पत्नी



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

बेंगलुरु, कर्नाटक से एक बेहद दर्दनाक और चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे शहर को हिला कर रख दिया है। यहां एक टेक प्रोफेशनल महिला ने अपने पति को घर में मृत पाया और कुछ ही मिनटों बाद खुद 17वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। ये घटना बेंगलुरु के कोठनूर इलाके की है, जहां एक दंपति अपने अपार्टमेंट में रह रहा था। जानकारी के मुताबिक, 32 साल के भानु चंद्र रेड्डी सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे और उनकी पत्नी शाजिया सिराज एक आईटी कंपनी में काम करती थीं. रिपोर्ट के मुताबिक, महिला को उस समय शक हुआ जब उनके पति ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला और अंदर से कोई जवाब नहीं दिया। कई बार आवाज देने के बावजूद जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो उसने पड़ोसियों और सुरक्षा कर्मियों की मदद ली। इसके बाद जब दरवाजा तोड़ा गया, तो अंदर पति का शव फंदे से लटका हुआ मिला. उस भयानक मंजर को देखकर महिला गहरे सदमे में आ गई।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है कि पति की लाश देखने के कुछ ही मिनटों बाद महिला ने अचानक 17वीं मंजिल से छलांग लगा दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई और वहां मौजूद लोग कुछ समझ ही नहीं पाए कि अचानक क्या हो गया। इस घटना के बाद पूरे अपार्टमेंट में हड़कंप मच गया। पुलिस को तुरंत सूचना दी गई और मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने दोनों मामलों में अप्राकृतिक मौत का केस दर्ज किया है।

### कई पहलुओं से जांच जारी

शुरुआती जांच में पुलिस कई पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। इसमें पारिवारिक तनाव, मानसिक दबाव, स्वास्थ्य से जुड़ी दिक्कतें और रिश्तों में तनाव जैसे कारण शामिल हैं। हालांकि, अभी तक आत्महत्या के पीछे की सटीक वजह साफ नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद ही पूरी सच्चाई सामने आ सकेगी। परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के पीछे की परिस्थितियों को समझा जा सके।

### भाजपा ने असम व केरल के लिए जारी किया संकल्प पत्र

# हर जिले में मेडिकल-इंजीनियरिंग कॉलेज और यूनिवर्सिटी का वादा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

असम में चुनावी मोड शुरू हो गया है। बीजेपी ने चुनाव के लिए 'संकल्प पत्र' जारी किया है। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने संकल्प पत्र जारी किया है। साथ ही सीतारमण ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। संकल्प पत्र जारी करने के दौरान सरबानंदा सोनोवाल, मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया समेत अन्य लोग मौजूद रहे। असम में 126 सीटों पर 9 अप्रैल को चुनाव होने हैं। 4 मई को नई सरकार का ऐलान होगा। चुनाव के लिए बीजेपी ने संकल्प पत्र जारी कर दिया है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह घोषणापत्र एक दशक की उपलब्धियों पर आधारित है। मैं एक ऐसे राज्य ▶▶| शेष पेज 5 पर



**केरलम में महिलाओं को 3000 पेंशन :** केरलम के तिरुवनंतपुरम में मंगलवार को भाजपा ने अपना मेनिफेस्टो जारी किया। इसमें केरलम में एम्स बनाने और तिरुवनंतपुरम से कन्नूर तक हाई-स्पीड रेलवे नेटवर्क विकसित करने का वादा किया है। 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों, विधवाओं और जरूरतमंद महिलाओं को 3000 मासिक पेंशन देने की घोषणा की गई है।

### टेनिस स्टार लिएंडर पेस भाजपा में शामिल

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले भारतीय टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी लिएंडर पेस मंगलवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। पेस ने केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। टेनिस स्टार ने हाल ही में कोलकाता में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की थी, जिससे उनके पार्टी में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई थीं।

### बिहार के शीतला मंदिर में बड़ी दुर्घटना, थानाध्यक्ष सस्पेंड

# नालंदा में भगदड़, सूरत में आग दो हादसे में गई 14 लोगों की जान

एजेंसी ▶▶| पटना, सूरत

बिहार व गुजरात में मंगलवार को हुए दो अलग अलग हादसे में 14 लोगों की जान चली गई है। नालंदा बिहार के मंदिर में जहां भगदड़ से 9 लोगों ने जान गंवाई, वहीं सूरत, गुजरात में मकान में आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। बिहार के बिहार शरीफ स्थित मघड़ा इलाके में



माता शीतला अष्टमी के दरबार में मंगलवार को अचानक भगदड़ मच गई। शीतला मंदिर मेले में भगदड़ मच गई। ▶▶| शेष पेज 5 पर

### सूरत में चार महिलाएं, एक बच्चे की मौत

गुजरात के सूरत में एक मकान में मंगलवार दोपहर को आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 4 महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पड़ोसियों से मिली जानकारी के मुताबिक, शहर के लिंबायत इलाके का यह मकान एक व्यापारी का है, जिसमें करीब 8 टन साड़ियों का स्टॉक रखा हुआ था।

## फास्टैग और डिजिटल पेमेंट ही अब देश में होगा मान्य

# अब टोल प्लाजा पर कैश नहीं, आज से बदले टोल नियम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक अप्रैल 2026 से देश के सभी टोल प्लाजा पूरी तरह से कैशलेस हो जाएंगे और आप अगर कैश देकर टोल पेमेंट करना चाहेंगे तो फंस जाएंगे। जी हां, नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने देश के राजमार्गों पर सफर को ज्यादा आसान और और पारदर्शी बनाने के लिए टोल कलेक्शन से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए कैश ट्रांजैक्शन को खत्म करने का फैसला किया है और आप अब सिर्फ फास्टैग या ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिये ही टोल फीस का भुगतान कर सकते हैं।

### नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने किया नियमों में बदलाव

### कैश ट्रांजैक्शन खत्म करने का लिया गया फैसला




### कैश ट्रांजैक्शन की व्यवस्था खत्म

ऐसे में आप अगर 1 अप्रैल से नैशनल हाइवे या एक्सप्रेसवे पर कार से सफर करने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो या तो अपना फास्टैग रिचार्ज कर लें या **UPI** ऐप इंस्टॉल कर लें, क्योंकि **NHAI** की आधिकारिक घोषणा के मुताबिक अब टोल प्लाजा पर नकद भुगतान की व्यवस्था को पूरी तरह खत्म किया जा रहा है। एनएचएआई का यह कदम पूरे देश में उसके सभी टोल प्लाजा पर लागू होगा। ▶▶| शेष पेज 5 पर

### फास्टैग में बैलेंस न होने पर यह होगा

आपके मन में सवाल उठ रहे होंगे कि मान लीजिए कि अगर फास्टैग एक्टिव नहीं है या उसमें बैलेंस कम तो क्या करना पड़ेगा। ऐसे में स्थिति में आपको जुर्माना भरना पड़ सकता है। इस बारे में अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है। आपात स्थिति में यात्रियों के पास टोल बूथ पर उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन करके यूपीए पेमेंट के जरिये टोल चार्ज भुगतान करने का अवसर होगा।

**इन बातों का ध्यान रखें :** यहां बता दें कि टोल प्लाजा से जुड़े नए नियम से शुरुआती दिनों में बहुत से यात्रियों को असुविधा हो सकती है और खासकर उनलोगों को, जो डिजिटल पेमेंट नहीं करते हैं। ऐसे में यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा शुरू करने से पहले सुनिश्चित करें कि उनका फास्टैग एक्टिव है, उनके बैंक अकाउंट से ठीक से जुड़ा हुआ है और उसमें पर्याप्त पैसे हैं।

चिंतन

# जल, जंगल व जमीन की सुरक्षा होगी और बेहतर

देश के आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। दशकों तक 'लाल आतंक' के नाम से पहचाने जाने वाला नक्सलवाद अब खत्म हो चुका है। नक्सवादियों के सभी बड़े नेता या तो मारे जा चुके हैं, या उन्होंने इस विचारधारा को छोड़कर सरेंडर कर दिया है। अब जल, जंगल और जमीन की और बेहतर सुरक्षा हो सकेगी। नक्सलवाद का खात्मा सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। अब ऐसे क्षेत्रों में विकास के नए द्वार खुलेंगे, जहां लाल आतंक से लोग त्रस्त थे। इन क्षेत्रों में अब शिक्षा का स्तर सुधरेगा, बच्चों की खेलों में गतिविधियां बढ़ेंगी और सामाजिक तथा आधारभूत ढांचे का विकास होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार, 31 मार्च 2026 की निर्धारित समयसीमा से पहले ही भारत से नक्सलवाद का खात्मा हो चुका है। यदि यह दावा जमीनी हकीकत से मेल खाता है, तो यह केवल सुरक्षा की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के लिहाज से भी एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। नक्सलवाद की शुरुआत 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से हुई थी। यह आंदोलन मूलतः जल, जंगल और जमीन पर अधिकार की मांग से जुड़ा था, जिसमें आदिवासी और वंचित वर्गों की आवाज शामिल थी। समय के साथ यह आंदोलन हिंसक रूप लेता गया और देश के कई हिस्सों में सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन गया। रेड कॉरिडोर के नाम से पहचाने जाने वाले क्षेत्रों में वर्षों तक विकास की रफ्तार थमी रही और आम जनजीवन भय के साए में रहा। हाल के वर्षों में सरकार द्वारा अपनाई गई बहुआयामी रणनीति ने इस समस्या को काफी हद तक नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाई है। होल ऑफ गवर्नमेंट दृष्टिकोण के तहत सुरक्षा, विकास और विश्वास तीनों मोर्चों पर एक साथ काम किया गया। सुरक्षा बलों के आक्रामक अभियानों के साथ-साथ सड़क, संचार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया गया। विशेषकर छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, बिहार के साथ आंध्र प्रदेश (सीमावर्ती इलाके), केरल, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना जैसे क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जो इस बदलाव का संकेत है। हालांकि, इस उपलब्धि को अंतिम समाधान मान लेना जल्दबाजी होगी। इतिहास बताता है कि किसी भी विचारधारा को केवल सैन्य कार्रवाई से पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता, जब तक उसके मूल कारणों को संबोधित न किया जाए। यहां सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यही है कि क्या जल, जंगल और जमीन से जुड़े मुद्दों का स्थायी समाधान हो पाया है? क्या आदिवासी समुदायों को उनके अधिकार पूरी तरह मिल रहे हैं? क्या विकास की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की गई है? यदि इन सवालों के जवाब संतोषजनक नहीं हैं, तो नक्सलवाद भले ही समाप्त हो जाए, लेकिन असंतोष की नई जमीन तैयार हो सकती है। सरकार के सामने अब असली चुनौती "पोस्ट-नक्सल" दौर को संभालने की है। जिन क्षेत्रों में कभी बंदूक की आवाज गूंजती थी, वहां अब स्कूलों की घंटियां, खेल के मैदानों की चहल-पहल और रोजगार के अवसरों की उम्मीद सुनाई देनी चाहिए। स्थानीय समुदायों का विश्वास जीतना सबसे बड़ी कुंजी है। यदि उन्हें लगे कि उनकी आवाज सुनी जा रही है और उनके संसाधनों पर उनका अधिकार सुरक्षित है, तभी यह बदलाव स्थायी हो सकेगा। नक्सलवाद के खत्म होने को एक नए भारत की शुरुआत के रूप में देखना चाहिए। जहां सुरक्षा के साथ-साथ न्याय और समानता भी सुनिश्चित हो।



आर्थिकी
सतीश सिंह

# महंगाई के बेकाबू होने के आसार

भारत ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 में संशोधन के बाद 2016 में एफआईटी ढांचे को अपनाया था। फिलहाल, दुनिया के 3 विकसित देशों सहित 26 देशों ने इस व्यवस्था को अपनाया है। इस संकल्पना में मूल्य स्थिरता को मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य बताया गया है। मौजूदा परिदृश्य में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि महंगाई सरकार द्वारा निर्धारित 4% से 2% अधिक या 2% कम के दायरे को आगामी महीनों में पार कर सकती है और इसकी वजह से रिजर्व बैंक को नीतिगत दरों में इजाफा करना पड़ सकता है, जिससे आर्थिक गतिविधियों में कमी आ सकती है साथ ही साथ देश की विकास गति भी अवरुद्ध हो सकती है।

ईरान के अमेरिका और इजराइल के साथ चल रहे संघर्ष के बावजूद सरकार ने 25 मार्च को तय किया कि महंगाई की सीमा 4% से 2% अधिक या 2% कम रहेगी। हालांकि, मौजूदा परिदृश्य में इस लक्ष्य को हासिल करना सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के लिए आसान नहीं होगा। बहरहाल, यह अधिसूचना, अर्थात लचीला मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण (एफआईटी) ढांचा, 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक प्रभावी रहेगा। उल्लेखनीय है कि इस ढांचे को 1 अक्टूबर 2016 में लागू किया गया था। इस ढांचे की हर 5 वर्षों में समीक्षा की जाती है।

पिछली बार इसे मार्च 2021 से मार्च 2026 तक के लिए लागू किया गया था। भारत ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 में संशोधन के बाद 2016 में एफआईटी ढांचे को अपनाया था। फिलहाल, दुनिया के 3 विकसित देशों सहित 26 देशों ने इस व्यवस्था को अपनाया है। इस संकल्पना में मूल्य स्थिरता को मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य बताया गया है। साथ ही, इस व्यवस्था के अंतर्गत मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की स्थापना की गई थी, जिसमें रिजर्व बैंक के तीन अधिकारी और तीन बाहरी सदस्य होते हैं और मौद्रिक नीति की ब्याज दर को मतदान के बहुमत से तय करते हैं। तत्पश्चात, रिजर्व बैंक मौद्रिक समीक्षा के फैसले की घोषणा करता है। महंगाई का स्तर मांग और आपूर्ति के संतुलन पर निर्भर करता है। जब लोगों के पास अधिक पैसा होता है तो वे अधिक वस्तुएं खरीदते हैं, जिससे मांग बढ़ती है। यदि आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं है तो कीमतें बढ़ेंगी। इसके विपरीत, जब मांग कम होती है और आपूर्ति अधिक होती है तो महंगाई घट जाती है। वर्तमान में युद्ध के कारण, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें तेज़ी से बढ़ रही हैं, जिसके कारण भारत में भी पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और रसोई गैस की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। इनकी कीमतों में और वृद्धि हो सकती है क्योंकि भारत अपने आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा रूस, इराक, सऊदी अरब, अमेरिका, यूएई, कतर, रूस, ऑस्ट्रेलिया आदि से आयात करता है और वर्तमान में इन देशों से भारत में आपूर्ति सामान्य नहीं है। सरकार और रिजर्व बैंक ने महंगाई की निर्धारित सीमा को बनाए रखने का निर्णय लिया है। यह मानते हुए कि आधार वर्ष में बदलाव से इस सीमा पर कोई दबाव नहीं पड़ेगा और यह निर्धारित स्तर पर कायम रहेगी। 12 फरवरी से सरकार ने महंगाई का मापन आधार वर्ष 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है। इस नए आधार वर्ष में कई पुरानी वस्तुओं को उनकी अप्रासंगिकता के कारण हटा दिया गया है, और नई वस्तुओं को जोड़ा गया है। साथ ही, खाद्य वस्तुओं का भार घटाया गया है और कुछ गैर-खाद्य वस्तुओं का भार जोड़ दिया गया है, जिनका आमतौर पर महंगाई पर प्रभाव पड़ता है। अभी सामान्यतः महंगाई में वृद्धि का कारण खाद्य कीमतों का बढ़ना माना जाता है, लेकिन नए आधार में खाद्य पदार्थों का भार महंगाई के मामले में कम कर दिया गया है। इसलिए, यह माना जा रहा है कि लंबे समय तक युद्ध के चलते महंगाई सरकार द्वारा निर्धारित सीमा 4% से 2% अधिक या 2% कम के स्तर पर अक्षुण्ण बनी रहेगी। मुद्रास्फीति को मापने के लिए ऐसी वस्तुएं और सेवाएं चुनी जाती हैं, जो इसकी वृद्धि में सबसे अधिक योगदान देती हैं। इन वस्तुओं को




उनके महत्व के आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में वज़न दिया जाता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) हर माह खुदरा महंगाई का आकलन सीपीआई सूचकांक से करता है, जिसमें वे वस्तुएं और सेवाएं शामिल हैं, जिनका रोज़मर्रा के जीवन में अधिक उपयोग होता है, जैसे कि खाद्य, वस्त्र, आवास, ईंधन और स्वास्थ्य सेवाएं।

नए आधार वर्ष के अंतर्गत ऐसी वस्तुएं और सेवाएं भी जोड़ी गई हैं, जिन पर अब लोग अधिक खर्च कर रहे हैं, जैसे कि स्मार्टफ़ोन, इंटरनेट, ईयरफोन, फिटनेस बैंड जैसे उपकरण हमारे जीवन का हिस्सा बन गए हैं, जबकि पहले इनका उपयोग सीमित था। साथ ही, अब नेटफ्लिक्स, जियो हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसी ओटीटी सेवाएं, ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म, हवाई टिकट, ऐप आधारित टैक्सी सेवाएं, ऑनलाइन सेवाएं, शॉपिंग की कीमतें, और ग्रामीण इलाकों में मकान के किराए को भी सूचकांक में शामिल किया गया है। अन्तरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने के बाद भारत में नायरा एनर्जी ने पेट्रोल की कीमत में 5 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 3 रुपये प्रति लीटर वृद्धि की है। वहीं, होटल-रेस्टोरेंट ग्राहक से सरकारी टैक्स के साथ एलपीजी चार्ज भी वसूल कर रहे हैं। हालांकि सरकार ने इस पर रोक लगाई है, लेकिन जमीनी स्तर पर इस रोक का कोई प्रभाव नहीं दिख रहा है। महंगाई को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10-10 रुपये की कटौती की है। पेट्रोल पर ड्यूटी 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपये कर दी गई है, जबकि डीजल पर 10 रुपये से शून्य कर दी गई है, ताकि पेट्रोल और डीजल की कीमतें न बढ़ें।

अमेरिका और इजराइल के साथ ईरान की जंग के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर से बढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। इससे तेल कंपनियों को 30 रुपये प्रति लीटर तक घाटा हो रहा है, जिसे तेल कम्पनियां जल्द ही आमजन पर डाल देंगी। आमतौर पर जब तेल की कीमत बढ़ती है तो परिवहन की लागत बढ़ती है, साथ ही वस्तुओं की कीमत में भी इजाफा होता है। हालांकि, जानकारों के अनुसार सरकार द्वारा एक्साइज ड्यूटी में कटौती केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों में आगामी चुनावों के मद्देनजर ली गई है और चुनाव के खत्म होने के तुरंत बाद सरकार एक्साइज ड्यूटी में कटौती को वापस ले सकती है। ईरान, इज़राइल और अमेरिका के मौजूदा रुख से ऐसा लगता है कि हाल फिलहाल में यह जंग रुकने वाली नहीं है और लंबे समय तक इस युद्ध के जारी रहने पर कच्चे तेल के साथ-साथ कई जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति शृंखला भी बाधित हो सकती है। उल्लेखनीय है कि भारत दैनिक जीवन में इस्तेमाल किए जाने वाली कई वस्तुओं का आयात दूसरे देशों से करता है, इसलिए नए आधार वर्ष में महंगाई की गणना करने वाली वस्तुओं में बदलाव करने के बाद भी महंगाई में अभूतपूर्व इजाफा होने की संभावना है। एक अनुमान के अनुसार भारत में 2026 तक महंगाई दर बढ़कर 4.6% तक पहुँच सकता है, जो पहले 3.9% के आसपास रहने की उम्मीद थी।

यह भारतीय रिजर्व बैंक की स्वीकार्य सीमा के अंदर है, लेकिन रुपया के लगातार कमज़ोर होने से महंगाई पर दबाव और भी बढ़ सकता है। मौजूदा परिदृश्य में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि महंगाई सरकार द्वारा निर्धारित 4% से 2% अधिक या 2% कम के दायरे को आगामी महीनों में पार कर सकती है और इसकी वजह से रिजर्व बैंक को नीतिगत दरों में इजाफा करना पड़ सकता है, जिससे आर्थिक गतिविधियों में कमी आ सकती है साथ ही साथ देश की विकास गति भी अवरुद्ध हो सकती है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

नई दिशा
ममता कुशवाहा



# डिजिटल युग में जनगणना बदलाव की बुनियाद


भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा को समझने का एक सशक्त माध्यम है। वर्ष 2021 में प्रस्तावित जनगणना, जो विभिन्न कारणों से विलंबित रही, अब एक नए स्वरूप में आरंभ होने जा रही है। यह जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक है, न केवल इसलिए कि यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, बल्कि इसलिए भी कि इसमें पहली बार जातीय आंकड़ों को व्यवस्थित रूप से संकलित किया जाएगा। यह पहल भारत के प्रशासनिक ढांचे, नीति-निर्माण और सामाजिक समझ को एक नई दिशा देने की क्षमता रखती है। डिजिटल जनगणना का सबसे बड़ा लाभ इसकी गति और सटीकता में निहित है। पारंपरिक कागज-आधारित प्रणाली में जहां आंकड़ों के संग्रह, संकलन और विश्लेषण में वर्षों लग जाते थे, वहीं डिजिटल माध्यम इस पूरी प्रक्रिया को कहीं अधिक त्वरित और त्रुटिहीन बना सकता है। मोबाइल एप, वेब पोर्टल और रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसे उपकरणों के माध्यम से डेटा सीधे केंद्रीय सर्वर पर पहुंचेगा, जिससे मानवीय भूलों की संभावना न्यूनतम हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, यह प्रणाली पारदर्शिता को भी बढ़ाएगी और डेटा के सुरक्षित भंडारण को सुनिश्चित करेगी। इस जनगणना की एक विशेषता यह भी है कि नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

यह न केवल नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देगा, बल्कि प्रशासनिक बोझ को भी कम करेगा। हालांकि, इसके साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी जुड़ी हुई है। लोगों को अपनी जानकारी पूरी ईमानदारी और सावधानी से भरनी होगी, क्योंकि यह डेटा न केवल वर्तमान नीतियों के निर्माण में सहायक होगा, बल्कि भविष्य की योजनाओं की नींव भी बनेगा। जनगणना आयुक्त द्वारा दी गई गोपनीयता की गारंटी इस प्रक्रिया में विश्वास को मजबूत करती है, जिससे लोग बिना किसी भय के अपनी जानकारी साझा कर सकेंगे। जनगणना को दो चरणों में पूरा करने का निर्णय भी एक महत्वपूर्ण बदलाव है। पहले चरण में घरों की सूचीकरण और आवास से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी, जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक पहलुओं का विवरण लिया जाएगा। यह विभाजन न केवल प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित बनाएगा, बल्कि डेटा के विश्लेषण को भी अधिक सटीक और उपयोगी बनाएगा। इससे सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में लक्षित योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आवास। इस जनगणना का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू जातीय आंकड़ों का संकलन है। स्वतंत्र भारत में यह पहली बार होगा, जब जातियों का विस्तृत विवरण एकत्र किया जाएगा। इससे देश की सामाजिक संरचना की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी, जो अब तक केवल अनुमान और अधूरी जानकारी पर आधारित रही है। वर्ष 1931 के बाद से जातिगत जनगणना नहीं हुई है, इसलिए वर्तमान में विभिन्न जातीय समूहों के संख्याबल और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बारे में स्पष्ट और प्रमाणिक आंकड़ों का अभाव है। ऐसे में यह जनगणना कई मिथकों और धारणाओं को तोड़ने का कार्य कर सकती है। हालांकि, जातीय जनगणना के साथ कुछ चिंताएं भी जुड़ी हुई हैं। सबसे बड़ी आशंका यह है कि इन आंकड़ों का उपयोग राजनीतिक लाभ के लिए किया जा सकता है।

भारत में पहले से ही जाति आधारित राजनीति का प्रभाव देखा गया है और यदि इन आंकड़ों का दुरुपयोग हुआ तो यह सामाजिक विभाजन को और गहरा कर सकता है। विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार इन आंकड़ों की व्याख्या कर सकते हैं, जिससे समाज में वैमनस्य और असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसलिए यह आवश्यक है कि सरकार इस दिशा में ठोस नीतिगत उपाय करे, ताकि जनगणना के आंकड़ों का उपयोग केवल विकास और कल्याणकारी योजनाओं के लिए ही किया जाए। जनगणना का मूल उद्देश्य देश की जनसंख्या की संरचना, उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं को समझना है, ताकि प्रभावी नीतियां बनाई जा सकें। यह किसी भी प्रकार के संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति का साधन नहीं होना चाहिए। यदि जनगणना के आंकड़ों का उपयोग सही दिशा में किया जाए, तो यह देश के समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिशा में सरकार, प्रशासन और नागरिकों, तीनों की जिम्मेदारी है कि वे इस प्रक्रिया को सफल बनाएं और इसके उद्देश्यों को सही दिशा में ले जाएं। यदि ऐसा होता है तो यह जनगणना न केवल वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा करेगी, बल्कि भविष्य के भारत के निर्माण में भी एक मजबूत आधारशिला साबित होगी।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## योग-ध्यान भावनाओं को रोकें नहीं, साधें



संकलित
दर्शन

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

## ब्राह्मण का सपना



संकलित
प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूंगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊंगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूंगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारुंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### भारत-अमरीका व्यापार समझौते की अहमियत

भारत और अमरीका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (2026) ऐसे समय में उभरकर सामने आया है, जब भारत एक ओर वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी भागीदारी को विस्तार देने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी ओर अपनी कृषि-आधारित सामाजिक-आर्थिक संरचना की रक्षा करने की अनिवार्य चुनौती का सामना कर रहा है। फरवरी 2026 में घोषित अंतरिम रूपरेखा ने जहां भारतीय निर्यातकों के लिए अमरीकी बाजार में नए अवसरों के द्वार खोले हैं, वहीं सस्ते अमरीकी कृषि उत्पादों के संभावित आयात ने देश के करोड़ों किसानों के बीच चिंता और असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। भारत को ऐसा समझौता करना चाहिए जिससे व्यापार संतुलन ठीक हो जाए। *- श्रीकांत पाटिल, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### सेमीकंडक्टर उद्योग



भारत का सेमीकंडक्टर उद्योग विभिन्न राज्यों में फल-फूल रहा है, जिससे अनगिनत युवाओं के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं। इन प्रयासों को और अधिक व्यापक बनाने के लिए हम सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 पर काम कर रहे हैं।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### केरल की नर्सें



लाखों लोगों के लिए, केरल की नर्सें जीवन के सबसे कठिन क्षणों में सहारा और शक्ति का स्रोत हैं। उन्हीं की बदौलत मैं केरल में शांति से चुनाव प्रचार कर पा रहा हूं, यह जानकर कि दिल्ली में मेरी मां की देखभाल उन्हीं की देखरेख में हो रही है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### समान नागरिक संहिता



सत्ता में वापसी के तीन महीने के भीतर हम असम में समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। हमारी बहुआयामी रणनीति में लव जिहाद, लैंड जिहाद, अतिक्रमण और घुसपैठ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी शामिल होगी।
- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### सीबीआई जांच की मांग




एसीबी अब तक झारखंड शराब घोटाले के किसी भी आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल करने में विफल रही है, जिसके परिणामस्वरूप सभी आरोपियों को डिफ़ॉल्ट बेल मिल गई। इसी विषय को लेकर आज राज्यपाल से मिलकर सीबीआई जांच सुनिश्चित करने का आग्रह किया।
- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड

## करंट अफेयर

### 'गेट ऑफ टीयर्स' बन सकता है नया वैश्विक संकट बिंदु


वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री व्यापार पर पश्चिम एशिया संकट के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य पर पहले से बने दबाव के बीच अब एक और अहम समुद्री मार्ग 'बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य' को लेकर चिंताएं बढ़ने लगी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह जलडमरूमध्य जल्द ही एक नए वैश्विक तनाव केंद्र के रूप में उभर सकता है, जिससे विश्व अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है। 'होर्मुज जलडमरूमध्य' दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस के परिवहन का प्रमुख मार्ग है। ईरान ने खुद पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद इस मार्ग को बंद कर दिया है जिससे वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई है। इसी बीच, विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि अब बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य भी संकट का केंद्र बन सकता है। दरअसल, 28 मार्च को यमन के हूती विद्रोहियों ने इजराइल की ओर मिसाइलें दागीं। यह कदम ईरान-इजराइल संघर्ष शुरू होने के बाद पहली बार उठाया गया है। यमन, बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य के एक किनारे पर स्थित है और हूती पहले भी लाल सागर में जहाजों पर हमले कर चुके हैं, जिससे 2023 और 2024 में समुद्री यातायात बाधित हुआ था।



## ऑफ बीट

### रंगीन चावल वास्तव में क्या स्वास्थ्यवर्धक है

चावल की 40,000 से अधिक विभिन्न किस्में हैं – जो इस मुख्य फसल की विविधता और अनुकूलनशीलता का प्रमाण है। चावल, अन्य अनाजों की तरह, एक घास के पौधे का खाने योग्य स्टार्चयुक्त दाना है। सफेद चावल की तुलना में, भूरा चावल एक साबुत अनाज है जिसमें केवल अखाद्य बाहरी छिलका हटा दिया जाता है। सफेद चावल बनाने के लिए अनाज का चोकर (बाहरी आवरण) हटा दिया जाता है। भूरे चावल में, चोकर और मगज़ (अनाज का मूल) बरकरार रहते हैं, जिससे इस प्रकार के चावल को इसका भूरा रंग और उच्च फाइबर सामग्री मिलती है। भूरे चावल में स्वाभाविक रूप से सफेद चावल की तुलना में अधिक पोषक तत्व होते हैं, जिसमें आहार फाइबर की दोगुनी मात्रा और फोलिक एसिड सहित काफी अधिक मैग्नीशियम, लौह, जस्ता और बी समूह विटामिन शामिल हैं। ब्राउन राइस में पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनोइड्स भी होते हैं, यह ऐसे एंटीऑक्सिडेंट हैं, जो शरीर को तनाव से बचाते हैं। इसे अक्सर लंबे अनाज के विकल्प के रूप में बेचा जाता है और इसमें काले और लाल चावल की किस्मों के समान पौष्टिक स्वाद होता है, हालांकि कुछ रसोइयों का सुझाव है कि इसकी बनावट थोड़ी अलग होती फैंसी काला चावल।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।





# अब दिखाई नहीं देते गांवों में कुआं टेंड़ा रहट

चिन्हारी

डा. नीलकंठ देवांगन



पहले पीने का पानी का प्रमुख साधन होता था कुआं । जमीन में खोदा गया गहरा गड्ढा जिससे रस्सी बाल्टी के जरिये पानी निकाला जाता था । धंसकने से बचाने दीवाल में पत्थर या ईंट लगा दिया जाता था । हर गांव शहरों में कुएं होते थे 1 कुएं का पानी शुद्ध, ताजा होता था । अब हर गांव शहरों में नल बोरिंग की सुविधा हो गई है, विद्युत पंप लग गए हैं । कुओं का उपयोग कम होता गया और अब तो कुएं दिखते नहीं है 1 पट गये या उन्हें ढंक दिया गया। कुआं से पानी निकालने में कसरत हो जाती थी । गगरी, घड़ा या हौंला सिर पर रखकर लाने से महिलाओं के शरीर का संतुलन बना रहता था।

टेंड़ा कुएं से पानी निकालने का पारंपरिक ग्रामीण पद्धति होती थी । इसमें लंबे बांस के सिरे पर बाल्टी बांधकर एक सहारे के माध्यम से पानी ऊपर खींचा जाताथा । सब्जी बाड़ी की सिंचाई के लिए इसका उपयोग होता था ।

रहट कुएं से पानी निकालने और खेतों की सिंचाई करने का पारंपरिक तरीका होता था । इसमें बैलों द्वारा घुमाया जाने वाला लोहे का गोलाकार पहिया होता था , जिसमें बाल्टियों या मोटे टीन के डिब्बों की श्रृंखला होती जो कुएं से पानी भरकर खेतों में पहुंचाती । अब कुएं ही नहीं तो टेंड़ा और रहट कहां से होंगे ? यदि कहीं हैं भी तो उनमें मोटर पंप डाल दिये गये हैं ।

खानपान

टिकेश्वर सिन्हा ' गब्दीवाला '

## बारों महीना खाया जाने वाला झांझी मुठिया



मुठिया रोटी बनाए बर कोपरा, बटकी या कटोरा में पानी रख के अपन जरूरत मुताबिक नून डार के नवा या जुन्ना चाऊर के चिकन पीसान साने जाथे। संख्या अपन जरूरत के अनुसार रखे जाथे 1 एकर बाद चूल्हा में आधा कन्नौजी पानी रखे जाथे । पेरा ऊपर एक ठन सफा फरिया बारा म बांध दे जाथे । परई में कन्नौजी ल तोपे जाथे। कुनकुन होइस तहाने कन्नौजी के पानी उफनाय ल धारिस अऊ भाप बनई शुरू हो जाथे । इही भाप में मुठिया रोटी ह उसनाथे यानि चूर जाथे 1 बने ढंग ले असनाय के बाद कन्नौजी ल उतार दे जाथे। अइसने ढंग ले बने मुठिया रोटी ल झांझी मुठिया रोटी कहे जाथे । आजकाल लोगन ह मुठिया रोटी ल दुसर ढंग ले घलो बनाथे । एमा कड़ाही के उपयोग करे जाथे 1 कड़ाही में तेल डार के मढ़ाय जाथें। तेल आथे त मिर्ची के फोरन डार के अपन इच्छा मुताबिक पानी डारे जाथे । गरम पानी ले रोटी उसनाय लगथे । उसनाय कड़ाही ल उतार दे जाथे अऊ तियार हो जाथे मुठिया रोटी । एला तेल फरा रोटी कहे जाथे ।

ऐतिपासिक

आशा ध्रुव

## धार्मिक महत्व के देवालय और गुफा राजपुर कोठी में



सरगुजा अंचल में राजपुर के दक्षिण दिशा में 3 कि मी दूरी पर गेऊर नदी के तट पर ओफरा गांव के पास एक ऊंचे टीले पर राजपुर कोठी है । यहां प्राचीन काल के देवालय हैं जहां शंभु गौरा के पिंड स्थापित हैं 1 यहां से लगा लालमाटी ग्राम में एक प्राचीन गढ़ है जहां कनेर नामक गोंड राजा का राज्य था । इसके अलावा आसपास में बेलसर हर्राटोला के केरा कछार में शंभु महादेव का देवालय, चलगली का महामाया देवालय, जोगापाठ के बीहड़ जंगल में प्राकृतिक गुफा, धनपुर में गोंड राजाओं की चांडी देवी और अन्य देवों के देवालय, शिवपुर का शंभु महादेव देवालय, आरा पहाड़ में महादेव मंदिर, पीपरोल पर्वत में महादेव की तपोभूमि, बच्छराज पर्वत में स्थित नागराज का निवास, रंगई जंगल में महादेव गुफा, रमकोला की पिंगलाई देवी सीरीकोट का शंभु देवालय जैसे और भी अनेक प्राचीन स्थल हैं जो इतिहास की दृष्टि से आज भी महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं । इसी तरह वेनदाई पर्वत के कैमूर श्रृंखला में सोन नदी के किनारे समतल भू भाग पर गोंड राजाओं द्वारा बनाया गया किला है, यहां सात तालाब हैं जहां का पानी कभी नहीं सूखता । इन स्थानों पर समय समय धार्मिक आयोजनों के साथ ही मेले का भी आयोजन किया जाता है । स्थानीय लोगों के लिए उपरोक्त स्थलों का अपना अलग ही महत्व है।

### लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

परब विशेष

डा. वेदवती मंडावी

# उरांव जनजाति का प्रमुख त्योहार है सरहुल



सरहुल उरांव जनजाति का प्रमुख त्योहार चैत्र मास में मनाया जाता है। इस पर्व में वे अपने नए जमाई को विशेष रूप से आमंत्रित करते हैं । उरांव इन्हें कुरूख भाषा में खद्दी मन्ना कहते हैं, जिसका शाब्दिक अर्थ भी सरहुल होता है । सरहुल पूजोत्य से पूर्व तक धरती को अविवाहित कन्या की भांति देखा जाता है । उरांव जनजाति धरती से उत्पन्न नए फल फूलों को घरों में प्रवेश तथा उपयोग नहीं करते । इस नियम का सभी कड़ाई से पालन करते हैं 1 सरहुल त्योहार के दिन धरती एवं सूर्य के प्रतीकों से विवाह का स्वांग रचाते हैं । इस विवाह में अपने कुल देवता को साक्षी मान कर प्रार्थना करते हैं कि सृष्टि को कायम रखने के लिए हम दोनों वर और कन्या को उतार रहे हैं । सुख दुख में हमारी रक्षा करना तथा हमारी संतान को आप आशीर्वाद दें, ताकि वह भी हमारी इस परंपरा को कायम रख सकें । गांव के महंतों, पाहन, पनभरा आदि मिल कर धरती पर हड़िया में पेय पदार्थ अर्पित कर दुआ मांगते हैं । मानते हैं कि सूर्य और धरती के परस्पर सहयोग से ही मानव उपयोगी समस्त वस्तुओं का सृजन हुआ है । अतः आदिम जन भी अपनी बुद्धि और समझ के अनुरूप सृजनकर्ता का



अभिनंदन करते हैं और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया के लिए याद करते हैं । इस जनजाति द्वारा इस अवसर पर गाए जाने वाला यह गीत -

चिमिन संगीर रे अब<br>
गऊबा सरना<br>
सिंग बोगाय केड़ा तनाय<br>
नेवताबु तनाय तोला<br>
बू से नोगा मियाद बरु फारोम रे<br>
एबाय केड़ा तनाय<br>
अवाय सिंग बोगाए नेवता<br>
तवा दो बू से नोगा ।

अर्थात सरना पूजा स्थल कितना दूर है, परम पिता हमें बुला रहे हैं, सिंगबोंगा हमें आमंत्रण दे रहे हैं । चलो आज सब जाएंगे ।

धार्मिक : सरयूकांत झा

# महिसाधक संप्रदाय के महान आचार्य थे बुद्धघोष



सिरपुर के बौद्ध विहार में बुद्धघोष निवास करते थे जो महर्षि रैवत के शिष्य थे । वहां से प्राप्त शिलालेख में उनका वर्णन मिलता है । ईसा पूर्व सम्राट अशोक के काल में स्थविर मत का विस्तार हुआ । आचार्य बुद्धघोष इसी मत के मानने वाले इतिहास कार विद्वान थे । इनका जन्म स्थान कोसल ही था । वे मंडला के महिसाधक बौद्ध भिक्षुओं के संपर्क में आकर बौद्ध धर्म में दीक्षित हुए थे । आचार्य बुद्धघोष वेद वेदांग में पारंगत थे,उनमें विलक्षण तर्क बुद्धि थी । आपने यहां कई ग्रंथों की रचना की जिसमें अट्ठकथा, वाणोंदय, अट्ठसालिनी प्रमुख है । आचार्य बुद्धघोष बौद्ध धर्म के प्रसिद्ध आधार ग्रंथ 'त्रिपिटक ' के सबसे बड़े अट्ठकथाकार माने जाते हैं । श्रीलंका के राजा महानाम के संरक्षण में उन्होंने बौद्ध धर्म के विशुद्ध मार्ग के आधार पर ' विशुद्धि मग्ग ' का पाली भाषा में निर्माण किया । सिंहली भाषा में लिखित सभी अट्ठाकथाओं का पाली भाषा में अनुवाद किया। महान विद्वान आचार्य नरेंद्रदेव ने बुद्धघोष को सिंहली अट्ठकथाओं का सबसे बड़ा व्याख्याकार सिद्ध किया है । ' पद्य चूड़ामणि ' नामक प्रसिद्ध संस्कृत ग्रंथ भी इनके द्वारा लिखी गई है ।

लोक साहित्य

डा. सुधीर शर्मा

## छत्तीसगढ़ी लेखन के पहले का दौर

राजा महाराजाओं के पुरोहित, जो उत्तर प्रदेश के बनारस व इलाहाबाद की ओर से आए, बिहार के मिथिला अंचल से आए वे ब्रज अवधि में रचना कर राजकुमारों को लेखन में प्रवीण करते रहे । राजा की भाषा, प्रजा की भाषा होती है । लिखना पूर्व में छत्तीसगढ़ी में नहीं हुआ । छत्तीसगढ़ में पूर्व में अनेक कवि हुए, पर वे ब्रज व अवधी में लिखते रहे। 18 वीं शताब्दी में महाकवि खंडेराव भोंसले ने अपने महाकाव्य के दूसरे खंड में ' कृष्ण रुक्मिणी विवाह ' प्रसंग में छत्तीसगढ़ी रीति रिवाजों का वर्णन छत्तीसगढ़ी शब्दों के प्रयोग के साथ दोहा, चौपाई छंदों का प्रयोग किया । इसके बाद 19 वीं सदी में प. सुंदरलाल शर्मा ने खड़ी बोली, अवधी और छत्तीसगढ़ी में लिखना प्रारंभ किए और ' छत्तीसगढ़ी दानलीला ' जैसा लघु प्रबंध काव्य लिख कर अपार लोकप्रियता प्राप्त करते हुए छत्तीसगढ़ी भाषा को साहित्यिक रूप प्रदान किया। आगे के क्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नदृष्टा के रूप में, सेना में भी छत्तीसगढ़ रेजिमेंट की कल्पना कर नाट्य सृजन करने वाले डा. खूबचंद बघेल ने सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करते हुए ऊंच नीच , जरनैल सिंह और करम छड़हा नाटक का सृजन किया । तब तक गिरवर दास वैष्णव ने भी सामाजिक कुरीतियों और अंग्रेजी शासन के विरुद्ध अपनी कविताओं के माध्यम से आग उगलना प्रारंभ कर दिया था । प. मुकुटधर पाण्डेय ने कालिदास के मेघदूत का सौष्ठवयुक्त छत्तीसगढ़ी में छंदोबद्ध अनुवाद किया । यह सब छत्तीसगढ़ी भाषा में साहित्य रचना का अंकुरण काल था ।



लोकगीतः डा. ज्योति किरण चंद्राकर

# अब सुने ल कम मिलथे भड़ौनी गीत

**छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में विवाह संस्कार में भड़ौनी गीत गाने का काफी समय से प्रचलन में रहा है। जब बाराती कन्या पक्ष के घर में प्रवेश करते थे, उस समय भड़ौनी गीत गाया जाता था। वर और कन्या दोनों पक्ष के युवक- युवतियां एक दूसरे पर छींटाकसी कर हास - परिहास करते थे। दोनों पक्षों द्वारा भड़ौनी गीत गाकर एक दूसरे को प्रत्युत्तर दिया करते थे। युवक - युवतियों द्वारा दी जाने वाली गाली राग -द्वेष से मुक्त प्रीत का प्रतीक माना जाता था। समधी- समधिन , वर- वधू और सुहासिने एक दूसरे की ओर इंगित करते हुए भड़ौनी गीत गाए जाने का प्रचलन था।**

पूर्व समय में ग्रामीण अंचल में विवाह में भड़ौनी गीत गाना शुभ माना जाता था। इन गीतों के माध्यम से समधी व बारातियों पर हास-परिहास, व्यंग्य किया जाता था। ग्रामीण अंचल में विभिन्न रस्मों को ये लोकगीत जीवंत बनाते थे। इन गीतों के माध्यम से विवाह में हास -परिहास का व मनोरंजन का वातावरण बनता था ।

वर्तमान समय में यह भड़ौनी गीत लुप्त हो गया है। इसकी जगह डीजे साउंड सिस्टम और संगीत संध्या ने ले लिया है। इन गीतों में समधी-समधिन, वर -वधु को इंगित करते हुए गाया जाता था। प्रत्युत्तर में उसका उत्तर दिया जाता था।

भड़ौनी गीत इस प्रकार है -



₹बने- बने तोला जानेव समधी<br>
मड़वा मा डारेव हूं बांस रे।<br>
झाला- पाला लुगरा लाने ,<br>
जरय तोर नाक रे।<br>
भात राधेव दार राधेव ,<br>
पसिया पसायेव रे।<br>
दूल्हा ददा के मेछा में ,<br>
हंसिया तिपायेव रे।<br>
नरवा तीर के पटवा भाजी,<br>
पटपट -पटपट करथे रे ।<br>
आय हे बरतिया टुरा,<br>
मटमट-मटमट करथे रे।

इसके प्रत्युत्तर में युवक कहते हैं-

नदिया तीर के लुदवा मछरी,<br>
लुदलुद -लुदलुद करथे रे।<br>
मटिया गांव व के टुरी मनहा ,<br>
मटमट -मटमट करथे रे।

**खबर संक्षेप**




## पीरामल फाइनेंस का एयूएम एक लाख करोड़ रुपए के पार

**मुंबई।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) पीरामल फाइनेंस के प्रबंधन के अंतर्गत कुल परिसंपत्तियां (एयूएम) एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई हैं। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा है कि विकास के अगले चरण को गति देने के लिए कंपनी एक सूक्ष्म वित्त संस्थान के अधिग्रहण की इच्छुक है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जयराम श्रीधरन ने कहा कि कंपनी मार्च, 2028 के अंत तक अपने एयूएम को बढ़ाकर 1.5 लाख करोड़ रुपये करने के लक्ष्य पर कायम है।

## अमेरिका में पेट्रोल की कीमत चार डॉलर प्रति गैलन के पार

**न्यूयॉर्क।** ईरान युद्ध के बीच वैश्विक स्तर पर ईंधन की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से अमेरिका में पेट्रोल की



कीमत 2022 के बाद पहली बार औसतन चार डॉलर प्रति गैलन से अधिक हो गई है। वाहन कंपनियों के संघ 'एएए' के अनुसार, नियमित पेट्रोल की राष्ट्रीय औसत कीमत अब 4.02 डॉलर प्रति गैलन हो गई है जो युद्ध शुरू होने से पहले की तुलना में एक डॉलर से अधिक है। इससे पहले रूस के यूक्रेन पर हमला करने के दौरान करीब चार वर्ष पहले अमेरिका में पेट्रोल इतना महंगा हुआ था।

# देश में प्रति उपयोगकर्ता मासिक मोबाइल डेटा की खपत 31 जीबी से अधिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में प्रति उपयोगकर्ता औसत मासिक मोबाइल डेटा की खपत वर्ष 2025 में 31 जीबी के आंकड़े को पार कर गई है जबकि वर्ष 2024 में यह खपत 27.5 जीबी थी। एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी नोकिया के वार्षिक मोबाइल ब्रॉडबैंड सूचकांक(एमबीइटी) के 13वें संस्करण में कहा गया है कि वर्ष 2025 में अखिल भारतीय स्तर पर 5जी नेटवर्क पर डेटा का कुल मासिक उपयोग एक साल पहले की तुलना में 70 प्रतिशत बढ़कर 12.9 एक्साबाइट (ईबी) तक पहुंच गया है। इसके साथ ही, देश के कुल मोबाइल ब्रॉडबैंड ट्रैफिक में 5जी की हिस्सेदारी अब लगभग 47 प्रतिशत हो गई है।

### वार्षिक मोबाइल ब्रॉडबैंड सूचकांक के 13वें संस्करण पर रिपोर्ट जारी

**अधिक डेटा खपत वाली सेवाओं की मांग बढ़ी**

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रति उपयोगकर्ता औसत मासिक मोबाइल डेटा खपत में हुई यह वृद्धि पिछले पांच वर्षों में 18 प्रतिशत की वार्षिक औसत वृद्धि दर को दर्शाती है। यह बढ़ोत्तरी उन्नत मोबाइल ब्रॉडबैंड के तीव्र विस्तार और कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित अनुप्रयोगों, उच्च गुणवत्ता वाले 4के वीडियो देखने और क्लाउड गेमिंग जैसी अधिक डेटा खपत वाली सेवाओं की बढ़ती मांग का परिणाम है।



**भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी उपभोक्ता**

भारत में कुल डेटा उपयोग वर्ष 2025 में 27 एक्साबाइट प्रति माह को पार कर गया है। एक एक्साबाइट का मतलब एक अरब जीबी से थोड़ा अधिक होता है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी उपभोक्ता आधार वाला देश बन गया है। साथ ही, 5जी डेटा खपत और 'फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस' उपयोगकर्ताओं की संख्या के मामले में भी भारत विश्व में दूसरे स्थान पर है।

**केबल के बगैर इंटरनेट मुहैया**

फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) प्रौद्योगिकी की मदद से घरों या कार्यालयों में केबल के बगैर उच्च गति का इंटरनेट मुहैया कराया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल 5जी डेटा में एफडब्ल्यूए की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत को पार कर गई है और इसके उपयोगकर्ताओं की संख्या में पिछले साल की तुलना में दोगुनी वृद्धि देखी गई है। नोकिया इंडिया की नामित कंट्री मैनेजर विभा मेहरा ने कहा, नेटवर्क उपयोग के नए तरीकों और स्मार्ट सेवाओं के अनुरूप बदलने के समय नोकिया दूरसंचार कंपनियों के साथ मिलकर एक ऐसा भविष्य-उन्मुख और उच्च प्रदर्शन वाला बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एफएंडओ सौदों पर एसटीटी बढ़ेगा, आयकर अधिनियम 2025 अधिनियम 1961 का स्थान लेगा

# नया आयकर कानून, कई बजटीय प्रावधान आज से होंगे लागू

साफ्टवेयर कंपनियों के लिए सेफ हार्बर प्रावधानों की सीमा बढ़ाई गई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नए आयकर कानून और अन्य बजटीय प्रावधान एक अप्रैल से लागू होंगे। इन बजटीय प्रावधान में वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) व्यापार पर उच्च प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और चिकित्सा तथा शिक्षा उद्देश्यों के लिए विदेशी पर्यटन पैकेज एवं एलआरएस प्रेषणों पर कम टीसीएस शामिल हैं। इसके अलावा, भारत में डेटा सेंटर सेवाएं लेने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक 20 वर्ष की कर छूट और सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए 'सेफ हार्बर' प्रावधानों की सीमा बढ़ाने से संबंधित बजट घोषणाएं भी वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत के साथ बुधवार से प्रभावी हो जाएंगी।




**विदेशी यात्रा पैकेज पर टीसीएस अब 20 फीसदी :** विदेशी यात्रा पैकेज पर टीसीएस 20 प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत कर दिया गया है। चिकित्सा और शिक्षा के लिए प्रेषण पर टीसीएस पांच प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत होगा। इसके अलावा, बजट में घोषित 20 वर्ष की कर छूट से घरेलू डेटा सेंटर कंपनियों को भी बड़ा लाभ मिलने की संभावना है।

**कर नीति को अधिक तार्किक बनाया गया**

*नए कानून का उद्देश्य उसी कर नीति को अधिक तार्किक, सुलभ एवं पाठक-अनुकूल प्रारूप में प्रस्तुत करना है। आयकर विभाग ने कहा कि बदलाव अवधि के दौरान उसका ई-फाइलिंग मंच पुराने और नए दोनों आयकर कानूनों के तहत अनुपालन की सुविधा देगा। साथ ही, पिछले वर्षों से संबंधित सभी आकलन, अपील एवं अन्य कार्यवाही अंतिम निपटान तक पुराने कानून के तहत ही जारी रहेंगी।*

**वायदा अनुबंधों पर एसटीटी बढ़कर 0.05 प्रतिशत**

साथ ही, समय सीमा के बाद आयकर रिटर्न दाखिल होने पर भी टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) की वापसी बिना किसी दंड शुल्क के लेने की अनुमति दी गई है। एक अप्रैल से लागू होने वाला एक अन्य बड़ा बदलाव वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) सौदों पर एसटीटी में वृद्धि है। वायदा अनुबंधों पर एसटीटी 0.02 प्रतिशत से बढ़कर 0.05 प्रतिशत हो जाएगा। विकल्प प्रीमियम एवं विकल्प के प्रयोग पर एसटीटी क्रमशः 0.1 प्रतिशत और 0.125 प्रतिशत से बढ़कर 0.15 प्रतिशत हो जाएगा।

**छोटे निवेशकों को बचाने एसटीटी में वृद्धि**

एसटीटी में यह बढ़ोतरी इक्विटी बाजार के एफएंडओ खंड में सट्टेबाजी को सीमित करने और छोटे निवेशकों को भारी नुकसान से बचाने के उद्देश्य से की गई है। इक्विटी डेरिवेटिव (एफएंडओ) खंड में कारोबार करने वाले व्यक्तिगत निवेशकों की संख्या 2024-25 में 1.06 करोड़ थी जो 2025-26 में (30 दिसंबर 2025 तक) घटकर लगभग 75.43 लाख रह गई।

# आयकर रिटर्न के सभी फॉर्म अधिसूचित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) के सभी फॉर्म अधिसूचित कर दिए हैं। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 की आय के लिए रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।




आयकर विभाग ने मंगलवार को आईटीआर-2, 3, 5, 6 और 7 के साथ अद्यतन रिटर्न दाखिल करने के लिए आईटीआर-यू फॉर्म को भी अधिसूचित किया। इसके पहले आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म 30 मार्च को अधिसूचित किए गए थे। इन फॉर्म का इस्तेमाल छोटे और मध्यम करदाता करते हैं। व्यक्तिगत करदाताओं और खातों का ऑडिट आवश्यक नहीं होने वाले करदाताओं के लिए रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। आईटीआर-1 (सहज) और आईटीआर-4 (सुगम) अपेक्षाकृत सरल फॉर्म हैं, जो बड़ी संख्या में छोटे और मध्यम करदाताओं के लिए हैं। सहज फॉर्म को ऐसे निवासी व्यक्ति भर सकते हैं जिनकी सालाना आय 50 लाख रुपये तक है और जिनकी आय वेतन, एक मकान, अन्य स्रोत (ब्याज) एवं 5,000 रुपये तक की कृषि आय से होती है।

# आरबीआई ने निर्यात ऋण अवधि 450 दिन तक बढ़ाई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को पश्चिम एशिया संकट के कारण जारी लॉजिस्टिक बाधाओं को देखते हुए निर्यात खेप भेजने के पहले और बाद के लिए आवंटित ऋण की विस्तारित अवधि को 450 दिन तक बढ़ाने की घोषणा की। यह सुविधा अब 30 जून, 2026 तक किए गए सभी ऋण वितरण पर लागू होगी।

- सुविधा 30 जून 2026 तक किए गए सभी ऋण वितरण पर होगी लागू

निर्यात खेप भेजने के पहले और बाद में दिया जाने वाला ऋण, निर्यातकों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता होता है। निर्यात-पूर्व ऋण का उपयोग निर्यात से पहले कच्चा माल खरीदने, उत्पादन और पैकेजिंग के लिए किया जाता है, जबकि निर्यात-पश्चात ऋण भेजे गए माल का भुगतान मिलने तक कार्यशील पूंजी जरूरतें पूरा करने में मदद करता है। आरबीआई ने एक अधिसूचना में कहा कि विभिन्न हितधारकों से मिले सुझावों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया गया है। हितधारकों का कहना था कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण निर्यात आय को तय समयसीमा में हासिल करना मुश्किल हो रहा है। इससे पहले यह रियायत 31 मार्च, 2026 तक के वितरण के लिए उपलब्ध थी लेकिन अब इसे तीन महीने और बढ़ा दिया गया है। यह कदम पहली बार नवंबर, 2025 में वैश्विक व्यापार तनाव के बीच उठाया गया था।




**निर्यात मूल्य की वसूली की समयसीमा 15 माह की गई**

आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्यात मूल्य की वसूली और उसे देश में वापस लाने की समयसीमा को नौ महीने से बढ़ाकर 15 महीने करने की पहले दी गई छूट जारी रहेगी। यह छूट वस्तुओं, सॉफ्टवेयर और सेवाओं के निर्यात पर लागू है। केंद्रीय बैंक ने कहा, पश्चिम एशिया संकट के कारण जारी लॉजिस्टिक व्यवधानों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि 30 जून, 2026 तक किए गए सभी वितरणों के लिए 450 दिन की बढ़ी हुई निर्यात ऋण अवधि लागू रहेगी।

# सेबी ने एलीटकॉन, प्रवर्तक व अन्य को किया प्रतिबंधित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने कथित हेरफेर गतिविधियों एवं भ्रामक खुलासों के आरोप में एलीटकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, उसके प्रवर्तक एवं प्रबंध निदेशक विपिन शर्मा और चार अन्य को प्रतिभूति बाजार में कारोबार करने से प्रतिबंधित कर दिया है।

- हेरफेर गतिविधियों व भ्रामक खुलासों के कारण प्रतिबंध

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को जारी अंतरिम एकपक्षीय आदेश में शर्मा और चार अन्य इकाइयों से लगभग 51.26 करोड़ रुपये की कथित अवैध कमाई जब्त करने का निर्देश दिया। इसके अलावा सेबी ने कहा कि वह इस मामले में विस्तृत जांच करेगा और 'फोरेंसिक' लेखा परीक्षक नियुक्त करेगा। यह कार्रवाई एलीटकॉन इंटरनेशनल के शेयर में कारोबार की जांच के बाद की गई। जांच में नियामक को प्रथम दृष्टया यह संकेत मिले कि कंपनी और उससे जुड़े लोगों ने परिचालन एवं वित्तीय स्थिति से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी छिपाकर निवेशकों को गुमराह किया जबकि उसी दौरान ऊंची कीमतों पर शेयर बेचे जा रहे थे। सेबी ने आरोप लगाया कि कंपनी ने अपने वित्तीय एवं परिचालन स्थिति की भ्रामक तस्वीर पेश करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दबाई। आदेश में कहा गया कि सकारात्मक खुलासे किए गए लेकिन माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से जुड़े मामलों सहित कुछ प्रतिकूल घटनाक्रमों की जानकारी निवेशकों को पर्याप्त रूप से नहीं दी गई।



**शेयर की कीमतों को कृत्रिम रूप से सहारा**

नियामक ने कहा कि यह आचरण शेयर कीमत को कृत्रिम रूप से सहारा देने और निवेशकों की रुचि का लाभ उठाने की योजना की ओर संकेत करता है, जिससे बाजार में हेरफेर की आशंका उत्पन्न होती है। इसी के तहत सेबी ने छह इकाइयों को अगले आदेश तक प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रतिभूतियों की खरीद-फरोख्त से रोक दिया है। साथ ही संबंधित इकाइयों के बैंक और 'डीमैट' खातों को जब्त की गई राशि की सीमा तक फ्रीज करने का भी निर्देश दिया गया है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**टेलीकॉलर**

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

**सिक्योरिटी गार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- बलौदाबाजार शा. कार्यालय हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर 19, ड्राइवर 1, रायपुर हेतु सुरक्षा गार्ड 45, सुपरवाइजर 15, फील्ड अधिकारी 5, वेतन योग्यतानुसार संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019. (RO-01)

आवश्यकता है- सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर फील्ड आफिसर, कम्प्यूटर आपरेटर' की आवश्यकता है। रायपुर महासमुंद और रायगढ मे संपर्क- 9201958117, 9201958114, 7869230888. (RO-6616)

**मार्केटिंग**

